





झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -133 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# राजधनवार से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी, जामताड़ा से सीता सोरेन और गोड्डा से संजय यादव ने किया नामांकन

झारखंड उजाला, संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजधनवार सीट से नामांकन दाखिल कर लिया है। वह अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे थे। नामांकन के बाद उन्होंने ट्वीट किया है और कहा है कि ह्झारखंड में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और घुसपैठ को समाप्त करने तथा रोटी, बेटी और माटी को बचाने का संकल्प लेकर आज धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुपमा जी, पार्टी के कार्यकर्ता बंधु एवं धनवार विधानसभा क्षेत्र की महान जनता जनार्दन उपस्थित रहे। बता दें कि नामांकन से पहले बाबूलाल मरांडी अपनी मां के पास आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी मां ने उनको जीत का मुकुट पहनाया और आशीर्वाद दिया। आशीर्वाद लेने के बाद बाबूलाल मरांडी ने पूजा अर्चना भी की। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर फोटो साझा करते हुए लिखा है कि धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन के लिए अपनी माँ का आशीर्वाद लेकर और पूजा अर्चना कर झारखंड की रोटी, बेटी, माटी को बचाने के संकल्प के साथ प्रस्थान कर रहा हूं।





**मिल रहा है अपार जनसमर्थन : सीता सोरेन**

जिला के जामताड़ा और नाला दो विधानसभा सीट पर चुनाव को लेकर 28 अक्टूबर सोमवार को नामांकन करने को लेकर गहमागहमी का माहौल बना रहा. जामताड़ा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने नामांकन दाखिल किया. वहीं नाला विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने नामांकन पत्र भरा. सोमवार को जामताड़ा में दोनों विधानसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने को लेकर काफी गहमागहमी का माहौल रहा. इलाके में चारों तरफ विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा जुलूस, शक्ति प्रदर्शन और सभाएं की जाती रहीं. जामताड़ा में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन की नामांकन रैली में काफी संख्या में समर्थक कार्यकर्ता हाथ में झंडा लिए निकले. सीता सोरेन अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए जामताड़ा निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय पहुंचीं. जहां उन्होंने अपना पर्चा दाखिल किया. नामांकन के बाद सीता सीता सोरेन ने कहा कि उन्हें जनता का अपार समर्थन मिल रहा है.

**राजद उम्मीदवार संजय यादव के नामांकन में शामिल हुए हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव**

रांची। सोमवार को गोड्डा से राजद उम्मीदवार संजय यादव के नामांकन में सीएम हेमंत सोरेन और राजद प्रमुख तेजस्वी यादव शामिल हुए। इस मौके पर हेमंत सोरने ने कहा कि गोड्डा की वीर भूमि से गोड्डा विधानसभा से आरजेडी (महागठबंधन) उम्मीदवार संजय यादव के नामांकन सभा कार्यक्रम में शामिल हुआ। भाई संजय को गोड्डा विधानसभा में जीत की अग्रिम शुभकामनाएं और जोहार। सीएम ने कहा कि भाजपा और एनडी गठबंधन के साजिशों का अंत होगा। लड़ेगा झारखंड और जीतेगा झारखंड। मौके पर महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह भी मौजूद थीं। मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड में सांप्रदायिक ताकतों को हराना राजद और इंडिया गठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता है। कहा कि राज्य में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इसमें किसी तरह का संदेह नहीं रह गया है। कहा कि हेमंत सोरेन और उनकी सरकार के साथ राज्य की पूरी जनता खड़ी है।

# मुद्दे बहुत हैं, पर मुझे पता है, ये तानाशाह इस पर कुछ नहीं बोलेंगे : सीएम हेमंत सोरेन

झारखंड उजाला, संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने बड़े ही तार्किक अंदाज में भाजपा को घेरा है. सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि मुद्दे बहुत हैं, पर मुझे पता है कि ये तानाशाह इस पर कुछ नहीं बोलेंगे. भाजपा को 11 साल देश में सिर्फ. और सिर्फ. मित्रों को आगे बढ़ाने के बाद आज उन्हें रोटी, बेटी, माटी की याद आई है.

**हेमंत ने भाजपा से किए कई सवाल**

सीएम हेमंत ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा है कि हम पूछना चाहते हैं कि जब रोटी, बेटी, माटी की पुकार है तो फिर क्यों 11 साल से गरीबों को लूट रही भाजपा सरकार? फिर क्यों होता है दलितों-आदिवासियों पर अत्याचार, फिर क्यों हैं पिछड़े शोषण का शिकार? फिर क्यों है सिर्फ मित्रों की बयार? कैसे फैल रहा नकली दवाओं का कारोबार? फिर क्यों नहीं होती झारखंड की 1 लाख 37 हजार करोड़ की बात? क्यों नहीं होती सरना धर्म कोड पर बात? अंत में सीएम ने लिखा है कि मुद्दे बहुत हैं पर मुझे पता है कि ये तानाशाह इसपर कुछ नहीं बोलेंगे. सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि हर महीने झारखंड के हर परिवार को 200 यूनिट बिजली



निःशुल्क मिल रही है.

**हेमंत सोरेन ने कविता के अंदाज में कहा- बीजेपी से पूछा- क्यों याद आयी 11 साल बाद रोटी, बेटी और माटी**

सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 4 चुनावी सभा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 11 साल देश में सिर्फ. और सिर्फ. मित्रों को आगे बढ़ाने के बाद आज बीजेपी को याद आई है रोटी, बेटी, माटी।

# डुमरी मामले में आयुक्त की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गयी : के रवि कुमार

**प्रथम चरण के चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन की हुई स्क्रूटनी**

**आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 86.33 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त**

झारखंड जागरण संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने कहा है कि रविवार को गिरिडीह के डुमरी में चेकनाका पर चेकिंग के दौरान निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया गया। पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग नहीं की गयी। जबकि, निर्वाचन आयोग का स्पष्ट दिशा निर्देश है कि पारदर्शिता के लिए वाहन जांच के दौरान वीडियो रिकार्डिंग करानी है। अगर जांच के क्रम में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिलती है, तो किसी को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में ऊत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त की जांच रिपोर्ट मिल चुकी है। उसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग को अग्रसारित किया जा चुका है। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर सोमवार को प्रत्याशियों के नामांकन की स्क्रूटनी की गयी। कुछ लोगों के मामले में नोटिस देकर उन्हें मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक पक्ष रखने के लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा समय दिया गया है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव को लेकर कुल 57 नये बूथ बनाये गये हैं। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि आवास से बूथ की दूरी 2 किमी. से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 86.33 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ कुल 20 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।




**मम्मी पापा वोट दो अभियान में 17 लाख से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने लिया भाग**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा कि बच्चों द्वारा भावनात्मक पत्र लिखकर आज पूरे राज्य के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इसके लिए बच्चों की जितनी तारीफ की जाय वह कम है। स्कूली बच्चों ने आज अपने माता-पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए साबित किया है कि भविष्य में वे अपने लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे। यह अभियान एक प्रकार से बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से अपने दायित्व निभाने की भावनात्मक अपील का अनुभव छोड़ गया। पूरे राज्य में इस तरह के अभियान विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार चलाये जायेंगे। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी छात्र-छात्राओं की हौसला-अफजाई की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में राज्य के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से 'मम्मी पापा वोट दो 'अभियान चलाया गया।

# पीएम मोदी ने टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्लेक्स का उद्घाटन किया, कहा, यह नये भारत के नये वर्क कल्चर का रिफ्लेक्शन है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने आज सोमवार को पीएम मोदी के साथ टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्लेक्स का उद्घाटन किया. साथ ही उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ की. कहा कि यह आपके (मोदी) विजन की एक और जीत है. उन्होंने कहा कि आपका विजन भारत को एक औद्योगिक शक्ति और निवेश और व्यापार के लिए एक आकर्षण बनाना है. पेड्रो सांचेज ने कहा, आज हम एक अत्याधुनिक औद्योगिक सुविधा का आधिकारिक उद्घाटन कर रहे हैं. हम यह भी देख रहे हैं कि कैसे दो प्रतिष्ठित कंपनियों के बीच एक असाधारण परियोजना वास्तविकता बन गयी है.

**एयरबस और टाटा के बीच की साझेदारी भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की प्रगति में योगदान देने वाली**

एयरबस और टाटा के बीच की यह



साझेदारी भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की प्रगति में योगदान देने वाली है. यह अन्य यूरोपीय कंपनियों के आगमन के लिए नये रास्ते खोलेगी. पीएम मोदी ने कहा कि यह फैक्ट्री भारत-स्पेन संबंधों को मजबूती देगी. साथ ही मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड, इस मिशन को सशक्त करने वाली है. श्री मोदी ने कहा, आज से हम भारत और स्पेन की पार्टनरशिप को नयी दिशा दे रहे हैं. हम उ-295 एयरक्राफ्ट के प्रोडक्शन की फैक्ट्री का शुभारंभ कर रहे हैं. खबरों के अनुसार दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक लक्ष्मी विलास पैलेस में द्विपक्षीय बैठक की, इससे पहले टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स केंद्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया. बता दें कि वडोदरा ने दोनों ने रोड शो भी किया.

**भारत में 40 विमानों के निर्माण की जिम्मेदारी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स को मिली है**

बता दें कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स द्वारा सी-295 विमान बनाने के लिए यह कॉम्प्लेक्स बनाया गया है. इस परिसर में 40 विमानों का निर्माण किया जायेगा. भारत में 40 विमानों के निर्माण की जिम्मेदारी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स को मिली है. यह परिसर भारत में सैन्य विमानों के लिए पहली निजी क्षेत्र की अंतिम असेंबली लाइन है. यहां विमानों के निर्माण सहित उनके पुर्जों को जोड़ना और उनका परीक्षण शामिल होगा. यहां विमानों के रखरखाव की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी. सूत्रो के अनुसार टाटा के अलावा रक्षा क्षेत्र की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत डायनेमिक्स के साथ ही निजी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इस कार्यक्रम में योगदान देंगे. जान लें कि श्री मोदी ने अक्टूबर 2022 में वडोदरा अंतिम असेंबली लाइन की नींव रखी थी.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**आशीष दुबे**
**हजारीबाग अधिवक्ता**

**दिल से..मानव और मानवता की ज्ञान सभी इंसान को होनी चाहिए.. ऐ तभी संभव होगा जब आप आत्मनिर्भर बनेंगे.. देश की रक्षा के लिए.. सनातन की सम्मान के लिए.. एक बने नेक बने.. जो सत्य और न्याय की राह दिखाए हम सब उसी के साथ है..**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **74,200**
चांदी (प्रति किलो) : **1,01,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **80,005.04**
निफ्टी :- **24,339.15**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **27** °
न्यूनतम तापमान : **21** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:52**
संध्या :- **17:14**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन न्युयार्क में काला मंगलवार। न्यूयार्क स्टॉक एक्सचेंज में भारी गिरावट के साथ 1930 के वैश्विक आर्थिक मंदी की शुरूआत 1929 में हो गई।**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री आज वितरित करेंगे 51 हजार नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को प्रात: 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का संबोधन भी होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के सार्थक अवसर प्रदान करके सशक्त बनाएगा। रोजगार मेला देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जैसे विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केंद्र सरकार में शामिल होने वाले नए कर्मचारी शामिल होंगे।

### दिल्ली की हवा में जहर, बवाना में एक्यूआई सबसे अधिक, 380 दर्ज

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता बीते कुछ दिनों से बेहद खराब स्तर पर है. हालांकि रविवार की तुलना में आज सोमवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में थोड़ा सुधार हुआ है. केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, आज सुबह दिल्ली का दिल्ली का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 330 दर्ज किया गया है. वहीं राजधानी के 13 इलाकों में एक्यूआई 350 के पार चला गया है. दिल्ली के बवाना में हवा की गुणवत्ता बेहद खतरनाक श्रेणी में है. यहां अधिकतम एक्यूआई 380 दर्ज किया गया है. वहीं पीजीडीएवी कॉलेज के इलाके में एक्यूआई पांच दर्ज किया गया है, जो कि सबसे कम है. धूल प्रदूषण को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में पीडब्लूडी वाहन पानी का छिड़काव कर रहे हैं. यमुना नदी की सतह पर जहरीली झाग की परत देखने को मिल रही है.






# रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी कराई नामांकन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी सोमवार को हजारों समर्थकों के साथ रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय पहुंची और नामांकन किया। नामांकन में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो शामिल हुए। मीडिया कर्मियों से बातचीत क्रम में सुनीता चौधरी ने कहा, मुझे विश्वास है कि रामगढ़ की जनता एक बार फिर उन्हें वोट देकर विजयी बनाने का कार्य करेगी। कहा कि मैंने हमेशा लोगों का साथ दिया है इसलिए लोगों का समर्थन मुझे मिलेगा।



**सिद्धू कान्हो मैदान में नामांकन**

**आशीर्वाद सभा का आयोजन**

इसके बाद सिद्धू कान्हो मैदान में नामांकन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। सभा में अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो सहित चंद्रप्रकाश चौधरी, मनीष जायसवाल, सुनीता चौधरी डॉ लंबोदर महतो शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ में काफी विकास किया है। इस कारण रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में राज्य में अव्वल है। पूर्व में रामगढ़ के विधायक रहते हुए चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ को अनुमंडल से जिला बनाने का कार्य किया। दुलमी और चितरपुर को प्रखंड बनाने का कार्य किया।

**भाजपा के नेतृत्व में राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी**

रामगढ़ में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना करवायी घर घर पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाया। हर गांव में सड़क बनवायी। कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के 5 वर्ष के कार्यकाल में राज्य में भ्रष्टाचार में बेतहाशा वृद्धि हुई है। हेमंत सरकार ने कोई भी वादा पूरा नही किया। जिससे राज्य सरकार के प्रति लोगों में आक्रोश है। इस बार के विधानसभा चुनाव में राज्य में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार से लोग नाराज हैं। कहा कि सरकार ने 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था। बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा किया था।पारिवारिक लाभ के तहत 72 हजार देने का वादा किया था पर कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। अब जब समय खतम होने को आया तो मईयां सम्मान योजना लाया। राज्य सरकार की वादाखिलाफी से लोग नाराज हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही है कहा कि एक समुदाय विशेष को खुश करने के लिए रामनवमी, दुर्गा पूजा, सरस्वती पूजा, गणेश विसर्जन में डीजे पर रोक लगायी जाती है. जबकि दूसरे समुदाय के कार्यक्रम पर यह रोक नहीं लगायी जाती।

## किस्को प्रखंड के भूसाड गांव में बकरी ने अनोखे बच्चे को दिया जन्म,देखने पहुंचे लोगों ने बताया एलियन,जन्म के घंटों बाद हुई बच्चे की मौत,



**किस्को।** किस्को प्रखंड के भूसाड गांव में एक ग्रामीण की बकरी ने सोमवार को अजीब तरह से दिखने वाले बच्चे को जन्म दिया हैं। बकरी के इस अनोखे बच्चे को देखने लोग पहुंच रहे हैं। खास बात हैं कि जन्म के कई घंटों बीत जाने के बाद भी बच्चा जिंदा था । अनोखे चेहरे के साथ पैदा हुए इस बच्चे को देखने पहुंच रहे लोग अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कोई ऐसे एलियन की शक्ल वाला बता रहा हैं तो कोई इसे बंदर की शक्ल बाला बता रहा हैं। लोग इस बच्चे के फोटो वीडियो बनाकर कर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर रहे हैं।जानकारी के मुताबिक किस्को प्रखंड के भूसाड गांव के रहने वाले लीलावती देवी की बकरी ने आज दो बच्चों को जन्म दिया था। जन्म के बाद एक बच्चा बिल्कुल स्वस्थ था लेकिन दूसरे बकरी के बच्चों का कुछ घंटे बाद मौत हो गई। बकरी के बच्चे मुंह बडा ही अजीब था। लीलावती देवी ने बताया कि जन्म के बाद जब बच्चे को बकरी के पास रखा तो वह भी उसे दुलार करने लगी। बच्चे को पैदा हुए कई घंटे बीत चुके थे । इसके बावजूद अनोखा बच्चा जीवित था । इस मामले पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इसमें चमत्कार जैसी कोई बात नहीं है।आनुवंशिक कारणों से ऐसा हो जाता है। कुछ बार प्रजनन प्रक्रिया प्रभावित होने के बाद इस तरह की स्थिति बनती है।

## सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर,पतरातू थर्मल के वार्तिक और आर्यन ने क्षेत्रीय विज्ञान मेला में लहराया परचम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु थर्मल के भैया वार्तिक शर्मा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान एवं अखिल भारतीय स्तर के लिए हुए चयनित। वहीं भैया आर्यन ने प्राप्त किया तृतीय स्थान सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, पतरातू थर्मल के आचार्य चंदन कुमार, भैया वार्तिक शर्मा, आर्यन शर्मा और कार्तिक कुमार क्षेत्रीय विज्ञान मेला में भाग लेने के लिए कुंडा देवघर गए थे। प्रतियोगिता का आयोजन उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, कुंडा, देवघर में किया गया था। 26 से 28 अक्तूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में में विद्या भारती द्वारा संचालित झारखंड, उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार में संचालित 150 से अधिक विद्यालयों से 350 से अधिक भैया



- बहनों ने भाग लिया था। भैया वार्तिक शर्मा ने बाल वर्ग में सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अखिल भारतीय विज्ञान मेला के लिए चयनित होकर विद्यालय के साथ - साथ पतरातू नगर एवं झारखंड प्रांत को भी गौरांवित किया है। भैया आर्यन शर्मा ने भी अपने प्रदर्शन के दम पर पूरे क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। भैया कार्तिक कुमार को सहभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विगत दो दशकों में यह पहला अवसर है जब सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, पतरातू थर्मल के किसी भैया / बहन का चयन अखिल भारतीय स्तर के किसी भी प्रतियोगिता के लिए किया गया हो। भैया वार्तिक के इस बेहतरीन प्रदर्शन से उनकी माता सिम्मी शर्मा एवं पिता अनिल कुमार शर्मा एवं विद्यालय परिवार तथा खुद को गौरांवित महसूस कर रहा है। विद्यालय सदैव भैया बहनों के चहुंमुखी विकास के लिए तत्पर रहता है। विद्यालय के आचार्य दीपक कुमार के मार्गदर्शन में भैया वार्तिक और आर्यन ने अपने-अपने प्रदर्श बनाये। भैया वार्तिक और आर्यन के प्रतियोगिता में भाग लेने से लेकर पुरस्कार जीतने तक विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक, सचिव सूरज कुमार एवं अन्य समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक प्रतिभागियों के पतरातू से निकलने से लेकर प्रतियोगिता पहुँचने तक लगातार सम्पर्क बनाये हुए थे। विषम परिस्थियों में सचिव सूरज प्रसाद ने अपने निजी वाहन से प्रतिभागियों को गंतव्य स्थान तक पहुँचाने में सराहनीय भूमिका निभाई। भैया वार्तिक के अप्रत्याशित सफलता से विद्यालय के सभी आचार्य, समिति सदस्य एवं सभी गैर-शैक्षिणक कर्मचारी एवं माता - पिता सिम्मी शर्मा एवं अनिल कुमार शर्मा उत्साहित है। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के तरफ से उनके माता पिता सहित सम्मानित किया जायेगा।

## सुपर थर्मल पावर पी वी यू एन की बड़ी गाड़ियां आम जनों के लिए बन रही है परेशानी का सबब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू।** सुपर थर्मल पावर पीवीयूएन भारत के नवरत्नों में एक कही जाने वाली इतनी बड़ी कंपनी पार्किंग जैसी छोटी समस्या का समाधान निकालने में विफल : अजित कुमार ( मुखिया शाह कॉलोनी पंचायत) वैसे तो क्षेत्र में पी वी यू एन के आने से लोगों की रोजगार को लेकर उम्मीदें काफी बढी हैं। वहीं दूसरी ओर प्लांट के मेन गेट के सामने सड़क के दोनों ओर बड़ी-बड़ी गाड़ियों की पार्किंग के वजह से आम जनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बात स्कूल बस की हो या एंबुलेंस की या आम जनों के आवागमन की, परेशानी सबके लिए है। इस संदर्भ में शाह कॉलोनी पंचायत के मुखिया अजित कुमार ने कहा कि इस विषय में प्रबंधन एवं प्रशासन से हमने कई बार शिकायत की है। बावजूद इसके इन गाड़ियों के उचित पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। अभी दशहरा जैसा त्यौहार बीता जिसमे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फिर अभी तुरंत दीपावली एवं छठ महापर्व का आयोजन होना है मगर प्रबंधन के उदासीन रवैये के वजह से यहां की जनता त्रस्त है। साथ ही उन्होंने कहा कि आए दिन इन बड़ी गाड़ियों के जाम के वजह से दुर्घटनाएं होती हैं। लेकिन प्रबंधन के कानों में जू तक नहीं रेंगती। ऐसे में स्थानीय लोग प्रबंधन के इस रवैये से काफी नाराज चल रहे हैं। अब प्रबंधन तथा प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस पर कोई ठोस कदम उठाते हुए इन बड़ी गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था निश्चित रूप से करनी चाहिए। अन्यथा भविष्य में यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। मुखिया ने आगे कहा कि इन बड़ी गाड़ियों की पार्किंग के लिए एक निश्चित सुरक्षित जगह यदि इतनी बड़ी प्रबंधन नहीं कर पाती है तो ऐसे में क्षेत्र के विकास की बात और रोजगार तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को देने के दावे खोखले प्रतीत होते हैं। सुपर थर्मल पावर कहे जाने वाली इतनी बड़ी कंपनी इतनी छोटी सी समस्या का समाधान निकालने में अभी तक पूरी तरह विफल है तो इसकी विश्वसनीयता पर कहीं ना कहीं निश्चित रूप से प्रश्न चिन्ह स्वतः ही उठ जाते हैं।

## सेन्हा मे नहाने के दौरान कोयल नदी में डूबे तीन छात्र, गोताखोर कर रहे तलाश



जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदगांव पिकनिक स्थल पर स्थित नंदलाल फार्म के पास विद्या मंदिर प्लस टू के ग्यारवीं कक्षा के चार छात्र घूमने पहुंचे थे। इस दौरान नहाने के लिए कोयल नदी में उतर गए। गहरे पानी में जाने से तीन बच्चे डूब गये। घटना की सूचना पर प्रखंड प्रशासन, जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय गोताखोर बच्चों की खोजबीन कर रहे हैं।डूबने वाले बच्चों की पहचान बरवाटोली निवासी गुप्तेश्वर महली के 17 वर्षीय पुत्र नीलकंठ नीलाम्बर महली, चंदवा निवासी कमल भगत के 16 वर्षीय पुत्र नवनीत भगत तथा भंडरा थाना क्षेत्र के अम्बेरा निवासी प्रदीप कुमार के 16 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है जबकि सुरक्षित एक बच्चे की पहचान अलौदी निवासी सुखदेव उराँव के 16 वर्षीय पुत्र बुधमन उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विद्या मंदिर प्लस टू स्कूल से दो स्कूटी में चार बच्चे सवार होकर घूमने निकले। चारों बच्चे घूमते हुए कोयल नदी नहाने चले गए। नहाने के दौरान तीन बच्चे गहरे पानी में डूब गये। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर एनडीआरएफ की टीम से भी संपर्क किया गया है। घटना स्थल पर मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पदाधिकारी जितेंद्र मुंडा, डीएसपी समीर तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचलाधिकारी मो. मुदसर नजर मंसूरी, सर्किल इंस्पेक्टर सचिदानन्द साहू, थाना प्रभारी अजित कुमार दलबल के साथ मौजूद है।

# गैर आदिवासियों द्वारा हमारी आदिवासी महिलाओं को किया जा रहा टारगेट,जिला राजी पड़हा बेल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

स्थानीय झखरा कुंबा वीर शिवाजी चौक स्थानीय एमजी रोड में जिला राजी पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत की अधयक्षता में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि पंचयत चुनाव मे भी आदिवासी महिला जो गैर आदिवासी से विवाह की वैसे महिला हमारी मूल आदिवासी महिला की हकमारी कर रही है ।ऐसे महिलाओं का दुह साहस देखिये राजपति देवी पति-विजय महतो जैसी विधान सभा चुनाव में भी नामांकन पत्र दाखिल कर रही है,चुनाव लड़ रहें हैं । उन्होंने ने कहा कि हमलोग आखिरी दम तक उस महिला का नामांकन रद्द कराने हेतू आन्दोलन किया जाएगा ।



कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी । मौके पर जीवन उराँव ने कहा कि गैर आदिवासियों द्वारा हमारी आदिवासी महिलाओं को टारगेट किया जा रहा है ।झारखण्ड में आदिवासी मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन सरकार से आदिवासी समाज को बहुत उम्मीद था परन्तु पाँच सालों में हेमन्त सोरेन जेएमएम और कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी हित में एक भी कानून नही बनाया । इससे सपाट है कि जेएमएम और कांग्रेस कभी भी आदिवासियों का मला नहीं करेगा । सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 मे सपाट है कि जब कोई एससी महिला गैर एससी पुरूष से शादी करती है तो उस महिला को एससी का मिलने वाला आरक्षण स्वतः समाप्त हो जाता है । उसी तरह आदिवासी महिला के भी होना चाहिए । उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में यदि जरूरत पड़ी तो संशोधन कराया जाएगा लेकिन मूल आदिवासी महिला की संवैधानिक अधिकार को गैर आदिवासियों के पास गयी महिला को आदिवासी का फायदा नहीं उठाने दिया जाएगा । समाजसेवी अमित लोहरा ने कहा कि लोहरदगा के अलावे अन्य जिले और अन्य राज्यो में भी धड़ल्ले से आदिवासी महिला को ठग फुसलाकर गैर आदिवासी लोग रखैल रख रहें हैं ।बस उनको आदिवासी जमीन को लूटना है । अमित लोहरा ने कहा कि यह आनदोलन जारी रहेगा । अगामी 5 दिसम्बर 2024 को जिला समाहरणालय के पास जोर दार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से अरविंद उरांव, राजकिशोर उरांव, राजकिशन उरांव, विजय भगत, संदीप उरांव, गणेश मुंडा, अमित लोहरा, देवनाथ उरांव, मुकेश उरांव, लक्ष्मी नारायण भगत, गोसाई भगत प्रभु मुंडा, बालमुकुंद महली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पुलिस की टीम ने बासल थाना क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च, मतदान केंद्र का भी किया निरीक्षण

पतरातु । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व तथा अंचलाधिकारी पतरातु एवं बी एस एफ के इ/78 (458) कंपनी के कम्पनी कमांडर शंकर लाल मीणा के देख रेख में बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार सहित पुलिस ने सदलब पतरातु प्रखंड के लबगा पंचायत के कई गांवों में फ्लैग मार्च किया साथ ही सभी मतदान बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों से मिल कर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया । इस कैंप में पुलिस बल में एस आई निमिर हेस्सा ए एस आई विनोद कुमार, बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मुन्ना राम,ए एस आई जीत राय, एएसआई राम शरण यादव शामिल थे । इन लोगों ने फ्लैग मार्च किया जिसमें में ग्राम रसदा , लबगा , मूडकटी आदि क्षेत्र में फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन, मतदान केंद्र का निरीक्षण तथा मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## निर्दलीय प्रत्याशी कुशवाहा पंकज महतो ने नामांकन किया

**रामगढ़ ।**सोमवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक कुशवाहा पंकज महतो अपने हजारों समर्थकों के साथ रामगढ़ विधानसभा से पर्चा भरा जिसमें रामगढ़ शनिचरा हाट बाजार से विशाल रैली गोला रोड - सुभाष चौक होते हुए रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे जिसको जगह-जगह पर स्वागत किया गया। कुशवाहा पंकज महतो ने कहा कि रामगढ़ में परिवर्तन की लहर है और जनता इस बार जात-पात से ऊपर उठकर विकास के नाम पर वोट करेगी 20 वर्षो से रामगढ़ विधानसभा में एक ही परिवार का राज रहा है आजसू और कांग्रेस दोनो पार्टी में परिवारवाद है रामगढ़ की जनता 24 वर्षों से अपने आप को शोषित पीड़ित और अपेक्षित महसूस कर रही है पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी मौलिक सुविधा भी जनता को नहीं मिल रहा है मौके पर जीवन कुमार,राजेश साव,रोशन तिवारी, विजय दुबे, आकाश तिवारी ,राजा कुमार,सत्या कुमार,आरिफ राजा, आयुष ,अंकित महतो, कालेश्वर कुशवाहा ,विनोद कुशवाहा, कल्याण पांडे, अमित गुप्ता ,दीपू गुप्ता, प्रदीप कुशवाहा ,प्रदीप दांगी, दीपक कुशवाहा, रोहित कुमार,रितेश कुमार, जिलानी खान , दिनेश मुंडा, धर्मेंद्र बेदिया, रंजीत मुंडा,मनोज महतो आदि

## बरतुआ में श्री श्री छठ पूजा मेला समिति के अध्यक्ष विनोद व सचिव बने अजीत

**पतरातू ।** प्रखंड अंतर्गत टालाटांड़ पंचायत के ग्राम बरतुआ में सोमवार को श्री श्री छठ पूजा मेला समिति का गठन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के सर्व सहमति से आगामी 8 अक्टूबर 2024 को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके सफल संचालन हेतु अध्यक्ष के रूप में विनोद कुमार महतो (बिहारी), उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो, सचिव अजीत कुमार, सहसचिव सुमिल कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार महतो, उपकोषाध्यक्ष मुकेश कुमार महतो, संजय कुमार महतो, संगठन मंत्री हीरालाल बिद्धु, मुख्य संरक्षक में छोटू करमाली दीपक कुमार महतो, रामपाल महतो, दिनेश कुमार महतो, विनोद, राजलाल महतो, बबन मुंडा, ओमप्रकाश बिद्धु, एवं सदस्य के रूप में कैलाश कुमार, गज्जू कुमार, रमेश कुमार, रोहित कुमार, प्रदीप कुमार, शिव कुमार, सूरज कुमार सिंह, कैलाश कुमार महतो, विकास कुमार महतो, सिकंदर कुमार, प्रदीप कुमार, आकाश कुमार, तरंग कुमार, शशिभूषण कुमार, अजय कुमार, नरेश कुमार महतो, प्रवीण कुमार, सनोज कुमार, रविंद्र कुमार महतो, विक्रम कुमार, आशीष ठाकुर, राजलाल करमाली, गणेश सिंह, संदीप कुमार, आशीष कुमार, शंकर कुमार, अशोक कुमार, देव कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, रितेश कुमार, कमलेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा चलाया गया छापेमारी अभियान

### 1800 किलोग्राम जावा महुआ किया गया बरामद

**रामगढ़/गोला।** आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से गोला थाना अंतर्गत चलाया गया छापामारी अभियान। छापेमारी अभियान के दौरान कामता गांव के भैरवी नदी किनारे एवं जंगलो में कई शराब भट्टियों में सघन व व्यापक छापामारी कर करीब 70 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1800 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। छापेमारी अभियान के दौरान कामता निवासी कृष्ण जीवन साव, काली साव, उमेश साव, मनसु साव, आशीर्वाद साव, सुभाष साव आदि के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47( ) एवं अन्य धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही विनय सिंह, नरेश महतो, कमलेश कुमार, प्रेम सिंह, नंदलाल महतो सहित अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान उपस्थित थे।

## भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बाल्मीकि कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्य समिति के हुई बैठक

**लोहरदगा ।** बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव लोहरदगा विधानसभा प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद दशरथ तिर्की उपस्थित थे। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार आई है तब से युवा को ठगने का प्रयास किया गया है। साथ ही आज महिला अपने आप को असुरक्षित महसूस करती है। झारखंड की जनता अब जाग चुकी हैं 2024 के विधानसभा चुनाव में जनता हेमंत सोरेन को सता से बाहर करने का काम करेगी। हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हमारी सरकार आएगी तो हर एक साल 5 लाख नौकरी देंगे अगर नौकरी नहीं देंगे तो सरकारी भत्ता दिए जाएंगे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। मौके पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

## लोहरदगा बरवा टोली स्थित विधायक कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में भाजपा एवं आजसू के लोग हुवे कांग्रेस में शामिल

**लोहरदगा।** लोहरदगा बरवा टोली स्थित विधायक कार्यालय में सोमवार को भाजपा एवं आजसू पार्टी को छोड़ 100 से अधिक की संख्या में कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर सभी को पूर्व वित्त मंत्री सह कांग्रेस प्रत्याशी कांग्रेस डॉ रामेश्वर उरांव एवं कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने सभी लोगो को माला एवं मिठाई खिलाकर कांग्रेस परिवार मे शामिल किया। भाजपा एवं आजसू से आए कार्यकताओं ने सदस्यता ग्रहण कर कहा की कांग्रेस पार्टी विकास की पार्टी है इनका विचारधारा सबके साथ सबका विकास का है। इस लिए आज हम सभी भाजपा और आजसू पार्टी को छोड़ कांग्रेस परिवार में शामिल हो रहे है। इस मौके पर पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की सभी लोगो का कांग्रेस परिवार में स्वागत है सभी को इस पार्टी में सम्मान दिया जाता है और आपको भी दिया जायेगा।आज इतने संख्या में कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण होने से कांग्रेस पार्टी को काफी मजबूती मिली है जिसका परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में दिखेगा। इंडिया गठबंधन की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ है की इतनी संख्या में लोग अपने आप को परिवर्तित कर कांग्रेस परिवार में शामिल हुवे। इस मौके पर पर मुख्य रूप ऐनुल अंसारी,विशाल डुंगडुंग,असलम अंसारी, तारिक अनवर,रेहान अख्तर,रमेश उरांव,रौनक इकबाल,उल्फत अंसारी,अराफत, मुसरफ सोनू,रेयाज अंसारी,साकिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस को बड़ा झटका, झारखंड प्रदेश के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा भाजपा में शामिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांचीः झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है. झारखंड भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया.




**भाजपा में शामिल होने से पहले कांग्रेस से दिया इस्तीफा**

भाजपा में शामिल होने से पहले सोमवार (28 अक्टूबर) को उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को एक चिट्ठी लिखकर पार्टी की सदस्यता छोड़ने की जानकारी दी थी. राष्ट्रीय अध्यक्ष को संबोधित इस चिट्ठी की प्रति उन्होंने राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भी भेजी थी.

**कांग्रेस अध्यक्ष को लिखा झ्र पार्टी में मेरे काम का कोई महत्व नहीं**

इस चिट्ठी में झारखंड कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने लिखा कि मैंने अपने कीमती 27 साल पार्टी को दिए. इस दौरान पार्टी ने मुझे जब भी, जो भी जिम्मेदारी दी, मैंने उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया. मैंने हर बार कोशिश की कि बेहतर परिणाम दूं और मैंने खुद को साबित भी किया. लेकिन, मुझे लगता है कि मेरे काम की यहां कोई कीमत नहीं है. मेरे काम का कोई महत्व नहीं है.

**कांग्रेस पार्टी में मुझे चौथी बार नीचा दिखाया गया झ्र मानस सिन्हा**

उन्होंने यह भी लिखा है कि यह चौथा मौका है, जब पार्टी ने मुझे अपमानित किया है. मुझे नीचा दिखाया है. किसी भी चीज को बर्दाश्त करने की एक सीमा होती है. अब मुझे ऐसा लगता है कि मेरी बर्दाश्त करने की सीमा पार हो चुकी है. आज तक मैंने सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी के बारे में सोचा, लेकिन अब वक्त आ गया है कि मैं अपने बारे में सोचूं. इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा देता हूं.

## दिवाली पर रांची आना हुआ महंगा, बढ़ गया फ्लाइटों का किराया



रांचीः दिवाली और छठ को लेकर लोग अपने घर जाने को लेकर उत्साहित है. लेकिन ये खबर उनके लिए अच्छी नहीं है. दरअसल, दीपावली के दिन यानी 31 अक्तूबर को फ्लाइट से रांची आनेवाले यात्रियों को महंगा टिकट खरीदना पड़ रहा है.

**दिल्ली, मुंबई से रांची आने का किराया 15 हजार तक बढ़ा**

बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई से रांची आनेवाले यात्रियों को आम दिनों की अपेक्षा तीन से 15 हजार रुपये तक अधिक देना पड़ रहा है. 31 अक्तूबर को बेंगलुरु-रांची डायरेक्ट फ्लाइट का किराया 10,650 से 25239 रुपये, दिल्ली-रांची का किराया 10,119 से 19998 रुपये, मुंबई-रांची का किराया 17364 से 19728 रुपये, हैदराबाद-रांची का किराया 8156 से 12776 रुपये, कोलकाता-रांची का किराया 4547 से 5702 रुपये, चेन्नई-रांची का किराया 12599 से अधिक, गोवा-रांची का किराया 17088 रुपये से अधिक, पटना-रांची का किराया 3115 रुपये से अधिक, अहमदाबाद-रांची का किराया 12227 रुपये से अधिक व भुवनेश्वर-रांची का किराया नन-स्टॉप फ्लाइट में 6161 रुपये से अधिक है.

## धनतेरस और दिवाली को देखते हुए रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, इन इलाकों में वाहनों का प्रवेश बंद



रांची : रांची में धनतेरस और दीपावली (29 व 30 अक्तूबर) को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यातायात में बदलाव किया है. इसके तहत अपर बाजार में शहीद चौक से किशोरी यादव चौक तक सभी प्रकार के चारपहिया वाहन, ऑटो व ई-रिक्शा का दिन के 12:30 से रात 12:00 बजे तक प्रवेश बंद रहेगा. दोनों तरफ से उक्त वाहनों के आने-जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगायी गयी है. इसलिए इन इलाकों से आने जाने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्ग की तलाश करनी होगी. इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि इसके लिए पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गयी है.

**ट्रैफिक पुलिस ने किया यातायात में बदलाव**

दिवाली और धनतेरस को देखते हुए काली मंदिर (चर्च रोड) से विक्रांत चौक (फतेहउल्लाह रोड) तक दिन के 12:30 से रात 12:00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा.

2. रेडियम चौक से सुजाता चौक के बीच सभी प्रकार के छोटे-बड़े मालवाहक वाहनों का दिन के 12:30 से रात 12:00 बजे तक प्रवेश बंद रहेगा

3. शहर में सुबह 8:00 बजे से रात 12:00 बजे तक बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा. सामान्य दिनों में नो इंट्री की अवधि रात 10 बजे तक है.

4. जरूरत पड़ने पर अन्य मार्गों को कुछ देर के लिए डायवर्ट किया जायेगा.

# संविधान हमारे कानूनी ढांचे का पूरक -डॉ. वंदना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय में एक्सपैंडिंग होराइजन ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन एंड कांस्टीट्यूशनलिज्म इन इंडिया विषय पर सोमवार को एक्सपर्ट टॉक आयोजित किया गया. मौके पर अधिवक्ता डॉ. वंदना सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के संविधान में इस तरह की बुनियादी संकल्पना है, जिससे देश की शासन प्रणाली और कानूनी ढांचे को संबल हासिल होता है. उन्होंने संविधानवाद की व्याख्या करते हुए इसे कानून का शासन, उचित जवाबदेही और व्यक्ति विशेष के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा हुआ बताया. मौलिक अधिकारों को बरकरार रखने और इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न न्यायालयों द्वारा की गई पहल पर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी. इस अवसर पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विश्व के सबसे लंबे भारतीय संविधान में अंतर्निहित समानता और अधिकारों से युक्त सामाजिक और आर्थिक न्याय की संकल्पना पर चर्चा की. साथ ही उन्होंने देश के राजनैतिक-आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों के लिए संविधान के रचनाकारों को इसका श्रेय दिया. प्रभारी कुलपति एस. बी. डांडीन ने भारतीय संविधान को देश के जनमानस का प्रतिबिंब बताया. उन्होंने भारत के संविधान को प्रगतिशील करार देते हुए इसे भावी कानूनों और नीतिगत निर्णयों का पूरक बताया.

**मौके पर ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में डिपार्मेंट आफ लॉ की इंचार्ज कोमल गुप्ता ने स्वागत भाषण और धन्यवाद प्रस्ताव श्वेता सिन्हा ने दिया. मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता आकाशदीप, डॉ. आर. के. सिंह, हरिबाबू शुक्ला एवं विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे.

## अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ निगम ने शुरू की कार्रवाई




रांची। नगर आयुक्त के आदेश पर बाजार शाखा के स्तर से टीम गठित कर अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की गई. जिस क्रम में सोमवार को अरगोड़ा क्षेत्र में लगे सभी होर्डिंग्स की जांच की गई एवं अवैध होर्डिंग को हटाया गया. यह अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा और निगम क्षेत्रांतर्गत सभी अवैध होर्डिंग्स को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुराने जर्जर भवनों पर लगे होर्डिंग्स की जांच के भी निदेश दिए गए है. रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक-चौराहों और क्षेत्रों में विज्ञापन के लिए होर्डिंग्स लगाने के लिए निगम की अनुमति अनिवार्य है. निगम क्षेत्र में विभिन्न एजेंसी के द्वारा होर्डिंग्स लगाई जाती है. नगर आयुक्त के क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाया गया कि बहुत सारे होर्डिंग्स अवैध तरीके से बिना एनओसी लिए लगाए गए है. जिसके कारण शहर की सुंदरता खराब हो रही है और निगम को राजस्व की क्षति भी हो रही है.

# झामुमो में बंटी-बबली का सम्मान व शहीदों के वंशजों का अपमान : हिमंता बिस्वा सरमा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस में समर्पित कार्यकताओं को महत्व नहीं दिया जाता है. कांग्रेस चाटुकारों की पार्टी बन गई है. कांग्रेस में टिकट मिलने की तीन शर्त है. कार्यकर्ता के पास बड़ा घर और पैसा होना चाहिए. उसका किसी बड़े परिवार से संबंध होना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली देने वाला हो. वे सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे. इस दौरान कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.



**सरकारी पदाधिकारी भी अब झामुमो सरकार के खिलाफ कर रहे विद्रोह**

सरमा ने कहा कि झामुमो में बंटी बबली का सम्मान होता है. शहीद के वंशजों का अपमान किया जाता है. सरकारी पदाधिकारी भी अब झामुमो सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहे हैं. हेमंत सोरेन तब तक पदाधिकारी का उपयोग करते रहे, जब तक उन्होंने साथ दिया. आज पदाधिकारी जब उनके गलत चीजों का विरोध कर रहे हैं, तब वे पदाधिकारी के खिलाफ खड़े हो रहे हैं. ऐसा कहीं नहीं देखा गया कि मुख्यमंत्री अफसर के खिलाफ खड़े हुए हों.

**भाजपा ने सही है राज्य गठन की प्रसव पीड़ाः डॉ रवींद्र राय**

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य गठन की प्रसव पीड़ा सही है. प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राज्य का गठन हुआ है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है. भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर भरोसा करती है. भाजपा और एनडीए सरकार में सभी वर्गों को सम्मान और अधिकार मिलेगा. मानस सिन्हा ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से वे कांग्रेस में थे. कांग्रेस पार्टी में समर्पित कार्यकताओं की अब पूछ नहीं है. भाजपा कार्यकताओं को मान सम्मान देती है.

## थोड़ी देर में भाजपा का दामन थामेंगे झारखंड कांग्रेस के बड़े नेता, हिमंता बिस्व सरमा करेंगे स्वागत




रांचीः झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस पार्टी को तगड़ा झटका लगने वाला है. थोड़ी देर में झारखंड कांग्रेस के बड़े नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थामने जा रहे हैं. सुबह 9:15 बजे कांग्रेस नेता अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो जाएंगे. असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा उनको पार्टी में शामिल करवाएंगे. पार्टी के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है. हालांकि, प्रवक्ता ने कांग्रेस नेता का नाम नहीं बताया, जो भाजपा में शामिल हो रहे हैं.

**सुबह 9:15 बजे भाजपा कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन**

स्टेट लेवल के कांग्रेस नेता को पार्टी में शामिल करवाने के लिए बाकायदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इसमें हिमंता बिस्व सरमा समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे. कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9:15 बजे किया गया है.

## गोवर्धन पर्व 2 नवंबर को मनाया जाएगा



रांची। गोवर्धन पर्व दो नवंबर को मनाया जाएगा. इस साल गोवर्धन पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 1 नवंबर को सांय 6 बजकर 16 मिनट से प्रारंभ हो रहा है. इसका समापन अगले दिन 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर होगा. बताते चलें कि गोवर्धन पूजा में गायों की पूजा की जाती है. मान्यता के अनुसार, एक बार भगवान इंद्र बृजवासियों से क्रोधित हो गए और भारी बारिश कर दी. भगवान इंद्र के प्रकोप से बृजवासियों को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली से उठा लिया था, तभी से हर वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है. यह पर्व इंद्रदेव पर भगवान श्री कृष्ण की जीत का प्रतीक है.

## सेल कर्मियों ने ली सतर्कता जागरूकता की शपथ



रांचीः रांची स्थित सेल के इस्पात भवन में सोमवार को कर्मियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के लिए शपथ ली. इसका विषय राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति है. सीजीएम और कार्यवाहक ईडी (सुरक्षा) शशि वशिष्ठ ने हिंदी और सीजीएम और कार्यवाहक ईडी (एमटीआई) संजय धर ने अंग्रेजी में शपथ दिलायी. इसके बाद सीजीएम (लौह) ए.के. मिस्त्री, सीजीएम (ऑटोमेशन और इंजीनियरिंग) संजय परिदा, सीजीएम (सीईटी) जे सलूजा और जीएम (सतर्कता) और एसीवीओ सेल की रांची इकाइयों ने क्रमश : राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य सतर्कता आयुक्त के संदेश को पढ़ा. कार्यक्रम का संचालन सिद्धांत वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता) ने किया. बता दें कि हर नागरिक सतर्क रहे, हर समय ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के लिए खुद को प्रतिबद्ध करे और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करे, इसलिए उनको सतर्कता शपथ दिलायी जाती है.

# रांची सदर अस्पताल के डॉ. अजीत ने पाइल्स के उपचार व रोकथाम की दी विस्तृत जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांचीः मुंबई में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय समिट 2024 में रांची सदर अस्पताल के लेजर व लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने बवासीर (पाइल्स) और भेरिकोज भेन संबंधी बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बवासीर के विभिन्न पहलुओं जैसे लक्षण, कारण, ग्रेडिंग, रोकथाम और इलाज के विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में बताया. डॉ अजीत ने बताया कि यह एक जीवन शैली से संबंधित बीमारी है. लेकिन बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण यह महामारी का रूप ले रही है. करीब आधी आबादी इस बीमारी से ग्रसित है. इस बीमारी के मुख्य लक्षण मलद्वार से खून आना, खुजली और मांस का बाहर आना है. बता दें कि इस समिट में अक्क्रटर, इल्नव और अन्य संस्थानों के पूर्व निदेशक, विभागध्यक्ष और वरीय सर्जनों के साथ-साथ




करीब 900 से अधिक चिकित्सकों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से भाग लिया.

**डॉक्टर अजीत ने दिये विभिन्न सुझाव :**

टॉयलेट में फोन लेकर ना जायें.

मल त्यागते समय ज्यादा जोर नहीं लगायें.


खाने में फाइबर युक्त भोजन (साग,सब्जी,फल,फूल सलाद) लें

हर दिन कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पीएं.

इस बीमारी के इलाज में सकलेरोथेरेपी, आरबीएल, आधुनिक लेजर तकनीक और सर्जरी का अहम रोल है.

अगर 40 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों को खून आने की शिकायत होती है, तो उनको पूरी जांच करानी चाहिए.

### सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल संपन्न



रांची। 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में झारखंड हॉकी टीम की भागीदारी को लेकर झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया गया. सोमवार को रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में चयन ट्रायल आयोजित किया गया. इस चयन ट्रायल में झारखंड के विभिन्न जिला से 132 महिला हॉकी खिलाड़ियों ने भाग लिया. चयन ट्रायल में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह,सुधीर, नेहा टोपनो, सुमित कुमार उपस्थित थे.

## एक मौका दीजिए, आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगाः अजयनाथ शाहदेव



रांची। कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव ने सोमवार को हटिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान आम जनता से वोट करने की अपील की. इस दौरान उन्होंने कहा कि आपने पिछले तीन बार से एक आदमी को आजमा कर देख लिया है, इस बार मुझे मौका दीजिए मैं पूरे क्षेत्र में बदलाव लाऊंगा.

**इस बार आप सब मेरा साथ दीजिए, कांग्रेस को वोट कीजिए**

मेरा वादा है मैं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में काम कर आपके उम्मीदों पर खरा उतरूंगा. रातु और नगड़ी प्रखंड के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कराऊंगा. एक सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना कराऊंगा. प्रत्येक पंचायत में छात्रों के लाइब्रेरी की स्थापना होगी, जिसमें वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे. रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं यहीं पर रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे. ये सिर्फ वादा नहीं बल्कि ये सब करने के लिए मैं कृतसंकल्प हूं. इस बार एक मौका आप मुझे दीजिए.

**जनसंपर्क कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

जनसंपर्क कार्यक्रम में कुशल उरांव, झामुमो नेता बेलाल अंसारी, मुखिया सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, अतुल राज, सुष्मिता तिर्की,गीता देवी, खुशबू ठाकुर, पार्वती कुमारी सहित कांग्रेस, झामुमो के कार्यकर्तागण सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

# सोशल मीडिया परफॉरमेंस इंडेक्स का प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** विधानसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर सोशल मीडिया परफॉरमेंस इंडेक्स का प्रशिक्षण पंचायतीराज कार्यालय हॉल में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न संस्थाओं से आए प्रतिनिधियों एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को बताया गया कि

**सोशल मीडिया इंडेक्स क्या है**

सोशल मीडिया इंडेक्स (एसएमआई) हमें यह बताता है कि प्रकाशकों को प्रतिदिन सोशल मीडिया से कितने प्रतिशत ट्रैफिक प्राप्त होता है। वेब ट्रैफि क उत्पन्न करने में सोशल मीडिया एक महत्त्वपूर्ण प्लेटफार्म है। पर अधिकांश प्रकाशन में यह कमी जो जनता को यह जानकारी दे सके कि वह ट्रैफि क वास्तव में किससे संबंधित है। हालाँकि ऐसे मौजूदा विश्लेषण हैं यह जानकारी को व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। सोशल मीडिया इंडेक्स अपनी तरह का पहला इंडेक्स है, जिससे किसी के लिए भी आसानी से रुझानों की पहचान करना, सोशल मीडिया से उत्पन्न ट्रैफिक में उछाल और पैटर्न को पहचानना और कई मामलों में उनके कारण की पहचान करना संभव हो गया है।

**सोशल मीडिया इंडेक्स कैसे काम करता है**

यह चार्ट उन उपयोगकताओं के पेजव्यू का प्रतिशत दशार्ता है जो सोशल नेटवर्क Page View से प्रकाशकों की वेबसाइट पर जाते हैं। फेसबुक, X/)Twitter लंबे समय से ट्रैफि क का प्रमुख स्त्रोत रहा है, इसका विजुअलाइजेशन बनाने के लिए डेटा को CSV-कोमा सेपरेटेड वैल्यू (टेबुलर - Tabular ferm फोर्म) फाइल के रूप में ब्यक्त किया जा सकता हैं। राज

एसएमआई को संकलित करने के लिए, हम दुनिया भर के एक हजार से अधिक विभिन्न प्रकाशकों के ट्रैफिक स्त्रोतों को एकत्रित किया जाता हैं। एसएमआई पेजव्यू की कुल संख्या, साथ ही सोशल मीडिया पर विज़िटर की संख्या पर निर्भर करता है।

**सोशल मीडिया इंडेक्स का उपयोग कौन कर सकता है**

देश, राज्य और समाज को जागरूक करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी को भी व्यक्तिगत, वाणिज्यिक या शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए एसएमआई का उपयोग करने की अनुमति है। भारत निर्वाचन आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है कि सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स में झारखंड को पहला स्थान मिला है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने में सक्रियता के आधार पर देशभर के टॉप 10 राज्यों की सूची में झारखंड पहले पायदान पर रहा है। झारखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार कई बड़े सोशल मीडिया अभियान चलाए गए हैं. किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम है। वर्तमान परिवेश में मतदाता जागरूकता जैसे किसी भी सामाजिक मददों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है. इस बार झारखंड में इस दिशा में सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग किया गया. न केवल मुख्यालय स्तर से कई सोशल मीडिया अभियान चलाए गए, बल्कि राज्य के कुछ जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी अपने स्तर पर कई हैशटैग अभियान चलाए. इनमें आम लोगों की भी अहम सहभागिता रही. कई हैशटैग अभियान देशभर में ट्रेंड भी हुए. आम नागरिकों से इसी तरह की सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा की जाती है।देश के सभी राज्यों के सीईओ कार्यालयों की सोशल मीडिया सक्रियता की रैंकिंग के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जो हर माह परफॉर्मेंस इंडेक्स तैयार होती है. उसमें 14 विभिन्न मानकों को आधार बनाया जाता है. इन मानकों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की कुल मासिक रीच, सब्सक्राइबर संख्या में आनुपातिक वृद्धि, नवाचारी अभियानों की संख्या, क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्ट की संख्या, दिव्यांग जनों के अनुकूल सामग्री का प्रयोग, स्थानीय आईकॉन व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ समन्वय, लाइव संवाद समेत अन्य प्रमुख रूप से शामिल हैं।मौके पर नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग मार्टीन तारिक, स्वीप कोषांग नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, प्रशिक्षक के रूप में सुभाशिष, प्रभात कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, जिला के स्कूल, कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स उपस्थित थे।

## जिरवाबाड़ी थाना में दीपावली,काली पूजा और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई




**साहिबगंज(उजाला)** ।जिरवाबाड़ी थाना में दीपावली,काली पूजा और छठ पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की और थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे ने की।क्षेत्र की सभी पूजा समितियों के प्रमुख और सदस्य बैठक में शामिल हुए।बैठक के दौरान आयोजकों को निर्देश दिया गया कि वे सभी सुरक्षा और स्वच्छता मानकों का पालन करें,ताकि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा सकें।एसडीपीओ किशोर तिर्की ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से अपील की कि वे सजावट और लाइटिंग में भी सावधानी बरतें,ताकि आम जनता को कोई असुविधा न हो।थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाने की बात कही और पूजा समितियों से सहयोग की अपील की।मौके पर पूजा समिति के आलवे कई लोग मौजूद थे।

## लोकहित अधिकार पार्टी से नंदलाल साह ने राजमहल विधानसभा सीट से दाखिल किया अपना नामांकन



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)** ।लोकहित अधिकार पार्टी से नंदलाल साह ने राजमहल विधानसभा से अपना नामांकन निवार्ची पदाधिकारी सह राजमहल एसडीओ कपिल कुमार के समक्ष दो सेटों में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा राजमहल विधानसभा में शिक्षा,स्वास्थ्य,बेरोजगारी सहित अन्य विकास के मुद्दे पर नामांकन दाखिल किया।उन्होंने कहा कि यदि जनता का उन्हे आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र की इन समस्याओं से जनता को निजात दिलवाएंगे।। 140 शीशे की बोतल अवैध देशी शराब गिनती में पाया गया।

## विधानसभा चुनाव में मतदान करने हेतु विभिन्न विद्यालयों में पत्र लेखन कार्यक्रम हुई आयोजित



**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड राज्य चुनाव आयोग ने अनूठी पहल की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशर्शानुसार राज्य के सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 के बच्चे विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए माता पिता के नाम मतदान करने के लिए पत्र लिखेंगे। इसी क्रम में उधवा प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पत्र लेखन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जानकारी के अनुसार प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में सोमवार को छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा 6 से 8 तक के छात्र छात्राओं ने अपने माता को एक पत्र लिखकर आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की। कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को होने वाली मतदान में हिस्सा लेकर आप सभी योग्य उम्मीदवार को बिना डरे मतदान करे एवं किसी तरह के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपना मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान के दिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगे।

# चेक पोस्ट मवन जाँच अभियान के दौरान चार लाख छियासठ हजार पाँच सौ रुपए बरामद,वाहन जब्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** सोमवार को लगभग अपराह्लण 4:00 बजे बंगाल झारखंड सीमा पर स्थित महतापुर चेक नाका में एस एस टी के दंडाधिकारी सुल्तान अहमद की मौजूदगी में पुलिस ने चार लाख छियासठ हजार पांच सौ रुपये जप्त किया हैजानकारी देते हुए चेक नाका पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी सुल्तान अहमद ने बताया कि चुनाव को लेकर नियमित रूप से वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान फरक्का की ओर से आ रही एक पिकअप संख्याJH19F/7704 को रोक कर जब तलाशी ली गई तो उसे पर लदे हुए बीड़ी के पत्ता के अंदर से चार लाख छियासठ हजार पांचसौ रुपये बरामद हुईरुपया के बारे में जब गाड़ी के चालक से पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तब पैसे को जप्त कर इसकी सूचना बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह जिला कंट्रोल रूम एवं फ्लाइंग दस्त के अधिकारी को दे दी गई हैइसके बाद जप्त की गई राशि तथा पिकअप को जप्त कर बरहरवा थाना पुलिस को सौंप दिया गया हैजप्त की गई राशि के संबंध में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही हैइस मौके पर बरहरवा थाना के अवर निरीक्षक राजनाथ शाह एवं सिदाम रविदास के अलावे पुलिस वालों के जवान भी मौजूद थेमालूम हो कि आज से 3 दिन पूर्व में भी चेकिंग के दौरान इसी चेक नाका पर बरहरवा पुलिस ने दो लाख रुपए के साथ एक पिकअप को जप्त किया था बरहरवा पुलिस किया दूसरी कामयाबी है,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।

# राजमहल थाना में दीपावली,काली पूजा और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की

**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)**




राजमहल थाना परिसर में दीपावली,काली पूजा और छठ पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा ने की।क्षेत्र की सभी पूजा समितियों के प्रमुख और सदस्य बैठक में शामिल हुए।बैठक के दौरान आयोजकों को निर्देश दिया गया कि वे सभी सुरक्षा और स्वच्छता मानकों का पालन करें,ताकि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा सकें।इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य भर में आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है एवं कोर्ट का आदेश है जिसमें डीजे बजाना वर्जित है डीजे बजाने पर डीजे वाले एवं पूजा पंडाल के सदस्य के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने कहा कि क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से अपील किया की वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार जो गाइडलाइन आए हैं उस गाइडलाइन के अनुसार पूजा करें।मौके पर प्रखंड कोऑर्डिनेटर अभिजीत कुमार, राजेश मंडल, कार्तिक शाह, पंकज घोष, चिरंजीत सरकार, अमन सिंह, दिलावर रहमान बबलू शेख बिंदेश्वरी प्रसाद सागर मंडल राजकुमार मंडल प्रदीप अग्रवाल रेखा देवी, सत्तार शेख सहित अन्य गणमान्य लोग एसआई महादेव उरांव, एसआई उपेंद्र प्रसाद यादव, एसआई सलखु मुर्मू एएसआई तस्लीम रजा, एएसआई अशोक कुमार दास, एएसआई प्रमोद कुमार गुप्ता, एएसआई विनोद कुमार एवं अन्य पुलिस प्रशासन मौजूद थे।

## अवैध शराब ले जा रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ा




**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)।** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के मिजाचौकी चार नंबर मोड़ के समीप रविवार दोपहर मिजाचौकी थाना के एएसआई विल्सन हांसदा के गस्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली की एक युवक अवैध शराब लेकर बिहार की ओर जाने के लिए निकला है और जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया और उसके बैग का जांच किया गया, और जांच के बाद थैला के साथ थाना लाया गया। वही पुलिस कार्रवाई में 180एम एल क

## बीडीओ सह सीओ ने किया चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण, गतिविधियों पर कड़ी नजर





**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में है। हर अवैध गतिविधियों पर प्रशासन नजर बनाए रखी हुई है। झारखंड पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्रों में लगे चेकपोस्ट पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। हर वाहनों व सवार व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है। वही इसी क्रम में उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने सोमवार की संध्या राधानगर थाना क्षेत्र में संचालित चेकपोस्ट प्राणपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने राधानगर,प्राणपुर घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व तैनात पुलिस बलों की रहने के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ ने दंडाधिकारियों को हर हाल में अवैध गतिविधियों पर कड़ी से चौकसी बरतने का निर्देश दिया। सड़क पर आवागमन करने वाले वाहनों की सख्ती से जांच का निर्देश दिया ताकि चुनाव को प्रभावित करने के प्रयास को रोका जा सके।चुनाव को प्रभावित करने वाले अन्य चीजों के परिवहन को भी रोकने का निर्देश दिया गया। मौके पर गगन बाबू समेत अन्य मौजूद थे।

# तीन पहाड़ मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई सम्पन्न,

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** भाजपा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के तीन पहाड़ मण्डल भाजपा की संगठनात्मक बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। जिस में मुख्य रूप से राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा शामिल हुई। बैठक को संबोधित किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष सागर मंडल, जिला उपाध्यक्ष राजेश मंडल,वरिष्ठ नेता हरिदास मंडल सहित नेतागण उपस्थित रहे। सभी ने राजमहल विधानसभा में फिर एक बार भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में बूथ जीतो,चुनाव जितो का नारा दिया गया। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि यह चुनाव राज्य की हेमंत सोरेन की कुशासन का अंत का हैं पांच सालों में राज्य सरकार ने महिलाओं, युवाओं और गरीब किसानों को सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम किया हैं विकास कार्यो को रोक दिया गया हैं आधारभूत संरचना का काम राज्य में बंद है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की नकामी को लेकर जनता के बीच जाए कार्यकर्त्ता जनता के सामने के उजागर करें कैसे राज्य की हेमन्त सोरेन ने पांच साल तक सिर्फ और जनता को ठगने का काम किया हैं और तुष्टिकरण का बढ़ावा दिया हैं।जेएमएम+कांग्रेस+राजद गठबंधन की सरकार ने न युवाओं को नौकरियाँ दीं, न ही बेरोजगारों को भत्ता दिया। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ वादाखिलाफी का रिकॉर्ड और झारखंड को भ्रष्टाचार व घुसपैठियों का ठिकाना बनाया। राजमहल विधायक ने कहा कि दस सालों में राजमहल विधानसभा में तेजी से विकास हुआ हैं जहां एक ओर बिजली व्यवस्था को सुद्दढ़ किया गया। मंगलहाट में पावर ग्रिड सहित पूरे विधानसभा में आधा दर्जन सब स्टेशन का निर्माण कराया गया। जर्जर तार पोल को बदला गया जिसके वजह से क्षेत्र में 22 घंटे बिजली लोगो को मिल रही हैं राजमहल क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज नहीं थी राजमहल में मॉडल डिर्गी कॉलेज का निर्माण कराया गया। अब यहाँ के बच्चे को भी उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। राजमहल में आधुनिक परीक्षा भवन का निर्माण कराया गया। राजमहल में स्टेडियम और बस स्टैंड का निर्माण कराया गया। फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं गांव गांव में पक्की सड़क बनाई गई। शुद्ध पेयजल हेतु जलमीनार का निर्माण कराया गया। कन्हैया स्थान मंदिर का सौदर्यीकरण का काम हुआ। ऐसे अनेक योजनाएं के माध्यम से क्षेत्र में विकास हुआ हैं आने वाले दिनों में जनता का आशीर्वाद मिलता हैं तो जैसे साहिबगंज से मनिहारी गंगा पुल का निर्माण हुआ। वैसे ही राजमहल मानिकचक गंगा पुल का निर्माण भी होगा। इसका संकल्प मैने लिया हैं 2029 से पहले पुल का निर्माण होगा। इस अवसर पर रहे कार्तिक साह,रामानंद साह, शिवशंकर यादव,मनोज यादव, अमित गुप्ता,आनंद मण्डल, धर्मेंद्र मंडल,अमित कुमार मंडल,विनोद यादव,राजकिशोर उपाध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद कर दी थी युवती की हत्या, प्रेमी सहित दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची के खरसीदाग के डुगंरी चापाटोली में 23 अक्टूबर को अज्ञात युवती का शव मिला था। उसकी पहचान गुमला के बसिया थाना क्षेत्र के तेतरा ग्राम निवासी युवती के रुप में हुई। युवती के मोबाइल के आधार पर पुलिस ने उसकी बहन को बुलाया तो बहन ने उसकी पहचान की। उसके बाद पुलिस ने अनुसंधान कर हत्या के दो आरोपित अरमदीप उर्फ छोटू और सोनू नायक उर्फ मेंडी को गिरफ्तार किया। जबकि मामले में तीसरा आरोपित फरार है। अमरदीप उर्फ छोटू से युवती का प्रेम संबंध था, वह उस पर शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन वह उससे शादी नहीं करना चाहता था, इसी कारण उसने अपने दोस्तों और युवती के साथ मिलकर पार्टी की। इसी दौरान युवती को भी नशा कराया।सामूहिक दुष्कर्म के बाद पत्थर और लाठी-डंडा से वार कर हत्या कर दी। आरोपितों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगे पत्थर को जब्त किया गया है। यह जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को दी। इस दौरान मुख्यालय- वन डीएसपी अमर पांडेय और खरसीदाग ओपी प्रभारी भवेश कुमार उपस्थित थे। घटनास्थल से पुलिस ने खून लगा पत्थर,खून लगा बांस की लाठी, कम्बल,बेड सिट, शराब की खाली बोतल, सिगरेट के टुकड़े, चिलम बरामद किया गया है।23 अक्टूबर को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बसारगढ़ निवासी अनिल कुमार राय ने डुगंरी चापाटोली स्थित अपनी जमीन पर अज्ञात युवती का शव पाये जाने की सूचना मिलने के खरसीदाग ओपी में आवेदन दिया था, उसी के आधार पर अज्ञात महिला की हत्या किये जाने संबंधी कांड दर्ज किया गया था। युवती के हाथ में सूरज का नाम का टैंटू बना हुआ था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामले का अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

# झारखंड में महिलाओं को हेमंत सोरेन ने सम्मान दिया : कल्पना सोरेन

## कल्पना सोरेन ने फूंका चुनावी बिगुल, केंद्र सरकार पर बोला हमला



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** महेशपुर प्रखंड के सिलमपुर पंचायत के बुनेर डांगा मैदान मे सोमवार को विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमे झामुमो की स्टार प्रचारक सह गण्डेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने चुनावी बिगुल फूंका। जनसभा मे मुख्य अतिथि के रूप मे राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा,महेशपुर विधायक सह इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांडी, झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव, झामुमो की युवा नेत्री उपासना मरांडी सहित अन्य शामिल हुए। जनसभा को सम्बोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।उन्होंने राज्य के बकाए को लेकर भी केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। साथ ही लोगों को आगाह किया कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत और कम हो जाएगा।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिजली बिल माफ कराया। किसान का कर्ज माफ कराया। महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत दिसंबर से सरकार माताओं व बहनों को 2500 रुपये देगी। भाजपा ने कभी झारखंड का हित नहीं सोची। भाजपा सिर्फ लोगों को भटका कर वोट लेना चाहती है। झारखंड में महिलाओं को हेमंत सोरेन ने सम्मान दिया।उन्होंने हेमंत के जेल जाने का मुद्दा उठाकर लोगों से भावनात्मक जुड़ाव बनाने की भी कोशिश की।जनसभा मे कल्पना सोरेन ने विस्तार से बताया कि किस तरह से मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन नई-नई योजनाएं लाकर राज्य की जनता का भला कर रहे हैं। उन्होंने इस चुनाव में महेशपुर विधायक सह इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी प्रो. स्टीफन मरांडी को समर्थन देकर हेमंत के संघर्षों में साथ देने की अपील भी की।वही महेशपुर विधायक सह इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी प्रो. स्टीफन मरांडी ने हेमंत सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे लोगो को जानकारी दिया साथ ही उनके द्वारा किये गए कार्यों को गिनाया। उन्होंने महेशपुर प्रखंड को अनुमंडल बनाने की भी चर्चा की कहा जो भी सारा पक्रिया था ओ सब पूरा हो चूका है।इस मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य पिंकू शेख,हरिवंश चौबे,जीप अध्यक्षा जुली खिस्टमनी हेमब्रम,प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां, मोतीलाल हांसदा, प्रखंड सचिव माइकल मुर्मू, मैनुद्दीन अंसारी, जिला संगठन सचिव कुणाल अलफ्रेंड हेमब्रम,प्रखंड उपाध्यक्ष रुहुल अमीन, बुदल यादव, जेम्स सुशील हेमब्रम,युवा मोर्चा अध्यक्ष जोगेंद्र मुर्मू,जीप सदस्य समसून मुर्मू, गमेलीना सोरेन,कॉंग्रेस के प्रखंड कलीमुद्दीन अंसारी,गेमिलना हेमब्रम, सोशल मिडिया सदस्य इकबाल हुसैन, जानिसार अख्तर ,अब्दुल वदूद, नाशिम अहमद, अखलाकुर अंसारी,साइमन मुर्मू, संतोष हेमब्रम,होपोंटा, फूलटन शेख, हबीबर रहमान,हलीम शेख, पोलटू शेख, अरशद मंडल, मजिबूर रहामन, सेंटू शेख, डार्फी शेख,नजरुल अंसारी, राजू अंसारी,सुनीराम मुर्मू, स्टेफन सोरेन, बाबुधन मुर्मू, आरजू शेख, मिल्टन शेख, नासिर शेख,जुगु कोड़ा सहित हजारों झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पाकुड़ विधानसभा के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद तनवीर आलम अंसारी ने किया नामांकन दाखिल



**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पाकुड़ विधानसभा के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद तनवीर आलम अंसारी ने सोमवार को नामांकन किया. उनके इस नामांकन कार्यक्रम में उनके समर्थकों का हुजूम देखा गया. हाजी तनवीर आलम ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है. जिस पर यहां के किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है. पाकुड़ विधानसभा में बेहतर शिक्षा, बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं, बेरोजगारों के लिए रोजगार मुहैया कराना, किसानों की समस्या को दूर करना, इस क्षेत्र के मजदूरों के लिए अपने ही क्षेत्र में रोजगार का प्रबंध करना ऐसी तमाम मुद्दों को लेकर मैं जनता के बीच जा रहा हूं, मुझे आशा और उम्मीद है कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के लोग मुझ पर भरोसा करते हुए अपनी दुआओं से मुझे विधानसभा भेजेंगे.

## एसडीपीआई प्रत्याशी मो0 हंजेला शेख ने किया नॉमिनेशन



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** एसडीपीआई प्रत्याशी मोहम्मद हंजेला शेख ने आज 05 पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नॉमिनेशन दाखिल किया। मौके पर उपस्थित थे एसडीपीआई प्रदेश सचिव हबीबुर रहमान, जिला महासचिव अधिवक्ता अब्दुल हन्नान,जिला अध्यक्ष अमीर हमजा,जिला कमिटी सदस्य सह मीडिया प्रभारी अधिवक्ता हक साहेब, प्रखंड अध्यक्ष अहेदुल शेख, विधानसभा कमिटी अध्यक्ष मोसा शेख, महासचिव मंजर शेख,जिला उपाध्यक्ष ओबेदुर रहमान तथा हजारों कार्यकर्ता। इस दौरान प्रत्याशी मोहम्मद हंजिला शेख ने कहा कि एसडीपीआई करियर के लिए नहीं लोगों के लिए राजनीति करती है। पाकुड़ में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, बेरोजगारी, उच्च शिक्षा के लिए संस्थान का न होना, बीड़ी मजदूरों का शोषण, उनके लिए कोई हाउसिंग स्कीम का न होना आदि मुख्य मुद्दा लेकर पार्टी लोगों के बीच जाएगी। पार्टी के कैंडिडेट मोहम्मद हंजेला शेख सभी मतदाता एवं आमजनों से अपील किया कि परिवारवाद, भ्रष्टाचार, पाकुड़ की पिछड़ेपन को दूर करने के लिए आप सभी मिलकर एसडीपीआई के प्रार्थी को वोट दें।

## निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार शुक्ला ने किया नामांकन, समर्थक भी रहे मौजूद



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार शुक्ला ने अपना नामांकन दाखिल किया. हालांकि वे अब तक भाजपा से ही जुड़े रहे. लेकिन चुनाव से पहले ही उन्होंने घोषणा कर दी थी कि अगर भाजपा मुझे मौका देती है तो भाजपा की टिकट पर मैं चुनाव लड़ूंगा अन्यथा मैं निर्दलीय ही चुनाव लड़ूंगा. उन्होंने अपने बयान में कहा कि मेरा इरादा बिल्कुल नेक है. मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ही लोगों के पास जा रहा हूं और लोगों का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है. उन्होंने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि अगर पाकुड़ विधानसभा की जनता मुझे आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजती है तो पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र कि लोगों की बुनियादी समस्याओं पर काम करना मेरा पहला लक्ष्य होगा, उनके इस नामांकन कार्यक्रम में उनके समर्थक भी मौजूद रहे.जानकारी के लिए बता दें कि भाजपा से जुड़े ऐसे दो उम्मीदवार पाकुड़ विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं. शंभू नंदन कुमार तथा मुकेश कुमार शुक्ला चुनावी मैदान में उतरते हुए लोगों से अपना जन समर्थन मांगते हुए दिख रहे हैं.

## वि.स.चुनाव के मद्देनजर हुसैनाबाद पुलिस और सीआरपीएफ का सघन अभियान, हथियार बरामद

**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू:** पुलिस अधीक्षक महोदया के आदेश पर विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन और जिला बल के दल ने हुसैनाबाद थाना के महुदंड और आसपास के मतदान केंद्रों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नासो जमालपुर गांव के उत्तर दिशा में जरदेवा पहाड़ के पास माओवादी जोनल कमांडर नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम और ठेगन मियां ने चुनाव को प्रभावित करने के इरादे से आम जनता में भय फैलाने के लिए हथियारों का भंडार जमीन में गाड़ रखा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सर्च अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान जंगल में जमीन के अंदर से एक दो नाली बंदूक और बारह बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस बरामदगी के बाद हुसैनाबाद थाना में मामला संख्या 225/24, दिनांक 27/10/2024 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। छापामारी दल में सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन के कंपनी कमांडर, पु.नि. कुन्दन सिंह, पु.नि. चंदन सिंह चौहान, पु.अ.नि. रविन्द्र कुमार शर्मा, हुसैनाबाद थाना प्रभारी पु.अ.नि. संजय कुमार यादव, पु.अ.नि. अनंत कुमार सिंह, पु.अ.नि. रमण यादव, महुदंड ओ.पी. प्रभारी स.अ.नि. कमलेश प्रताप सिन्हा एवं सैट-34 के जवान शामिल थे। इस छापेमारी से चुनाव में माओवादी हस्तक्षेप की कोशिशों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।



## दंगवार ओपी पुलिस ने शराब कारोबारियों के खिलाफ की कार्रवाई



**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू:** झारखंड विधान सभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर हुसैनाबाद पुलिस अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को देर शाम दंगवार ओपी क्षेत्र अंतर्गत लोटनिया व शेखपुरा गांव में अलग-अलग जगहों पर छापामारी के दौरान करीब 200केजी जावा महुआ ,देशी शराब बनाने वाले उपकरण,शराब रखने वाला डब्बा पाया गया। जिसे उसी जगह विनष्ट कर दिया गया। विनष्ट की गई शराब की कीमत लगभग 14 000 रुपए है। वहीं अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोग पुलिस आने की भनक लगते ही भाग निकले।दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहम्मद याकूब के आदेशानुसार एवं हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।छापामारी दल में दंगवार ओ पी प्रभारी सोनू कुमार, आरक्षी बिरजू कुमार, मौसम कुमार, फेकन राम, हिमांशु सिंह, विकास कुमार, दूधनाथ यादव शामिल रहे।

## शक्ति केन्द्र संयोजक की ओर से चलाया गया जनसंपर्क अभियान, एनडीए उम्मीदवार राजा पीटर की समर्थन में वोट डालने की की गई अपील



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**तमाड।** मंगलवार को आमलेशा, बोधडीह, बुरुडीह एवं मल्हानभूईंयाडी के हुरुणडीह में शक्ति केन्द्र संयोजक/ सह संयोजक/ बुथ अध्यक्ष एवं उनके टीम के सदस्यों के साथ बैठक एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। एन डी ए उम्मीदवार राजा पीटर को गैस सिलेंडर छाप पर वोट करने का आग्रह किया गया तथा झारखण्ड में एक मजबूत सरकार बनाने की बात कही गई। बैठक एवं जनसंपर्क अभियान में भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं रड़गांव मंडल- प्रभारी लक्ष्मण सिंह मुण्डा, तमाड़ मंडल- अध्यक्ष महावीर सोनी, विधानसभा प्रवासी कार्यकर्ता श्री माधो सिंह दांगी, तमाड़ विधानसभा विस्तारक कृष्ण भूषण त्रिवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष साहु, समरेन्द्र मुखर्जी, अजित महतो, शशि कुमार महतो, रड़गांव मंडल- अध्यक्ष कालीचरण मुंडा, संयोजक उदय महतो, बुथ अध्यक्ष परेश मुंडा, सीताराम स्वांसी, सोनाराम मुंडा, झुमुकलाल मुंडा, भगीरथ मुंडा, साधु चरण पुरान, राम जीवन मुंडा, मथन पुरान, श्याम चांद मुंडा, प्रहलाद खंडित कई लोग शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के समर्थन में महिला मोर्चा ने चलाया जन संपर्क अभियान

**दारू//हजारीबाग।** सदर विधानसभा में क्षेत्र में नामांकन तिथि के पश्चात सभी उम्मीदवारों ने जनता के बीच जनसंपर्क अभियान चलाना शुरू कर दिया है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद की पत्नी ललिता देवी अपने साथ जिला महिला मोर्चा और दारू प्रखंड महिला मोर्चा समर्थकों के साथ दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत और रामदेव खैरिका पंचायत के विभिन्न गाँव में घर घर जा कर तथा महिला सभा कर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के समर्थन वोट करने की अपील की। ललिता देवी ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आज मोदी जी की सरकार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई काम कर रही है लेकिन वही हेमन्त सोरेन की सरकार में महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस नही कर रही है उनका शोषण किया जा रहा है। मइया सम्मान योजना एक चुनावी लुभावन है जिसमे महिलाओं लालच देने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन की सरकार ने वादा किया था कि मैं प्रत्येक महिलाओं को प्रत्येक माह 2000 रुपए दूंगा लेकिन ये वादा सिर्फ वादा ही रह गया। बीते इन पांच सालों में एक लाख बीस हजार रुपए महिलाओं को देना था उसके स्थान पर सिर्फ झुनझुना के रूप में किसी किसी महिला को मईया सम्मान योजना के तहत सिर्फ दो हजार रुपए दिया है। आप सभी से अपील कर रही हूं इसबार आप हमारे पति प्रदीप प्रसाद को वोट देकर उनके हाथों को मजबूत कीजिये।

## बालू ट्रेक्टर और हाइवा पब्लिक टर्बो यूनियन के सैंकड़ों लोगों ने राजा पीटर पर आस्था जताते हुए जनता दल (यू) में हुए शामिल



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**तमाड़।** मंगलवार को बालू ट्रेक्टर यूनियन और बालू हाइवा पब्लिक टर्बो यूनियन के सैंकड़ों लोगों ने पूर्व मंत्री राजा पीटर पर आस्था व्यक्त करते हुए जनता दल (यू) का दामन थामा। पूर्व मंत्री राजा पीटर ने सबों को माला पहनाकर कर स्वागत किया। बालू ट्रेक्टर यूनियन का नेतृत्व सुरेश स्वांसी कर रहे थे, जबकि बालू हाइवा पब्लिक टर्बो यूनियन के लोगों का नेतृत्व सुफेन महतो और राकेश साहू ने किया। दोनों यूनियनों के प्रमुख सदस्यों ने एकजुट होकर जनता दल (यू) में शामिल होने की घोषणा की। इस मौके पर सुरेश स्वांसी ने कहा कि राजा पीटर के नेतृत्व में उनके संगठन को सही दिशा मिलेगी और वे क्षेत्र के विकास के लिए जनता दल (यू) के साथ मिलकर काम करेंगे। वहीं, सुफेन महतो और राकेश साहू ने भी राजा पीटर की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बालू ट्रांसपोर्ट सेक्टर को मजबूती मिलेगी। पूर्व मंत्री राजा पीटर ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सदैव जनता की भलाई और क्षेत्र का विकास रहा है।

## महागठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

# एक तरफ पूंजीपतियों की पार्टी है तो दूसरी तरफ झारखंडी गरीब जनता व आम जनमानस, यह चुनाव आपके अधिकार की लड़ाई है, इसे हरहाल में जितना है : कल्पना मुर्मू सोरेन

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़:** जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत नवाडीह मैदान में आयोजित इंडिया महागठबंधन समर्थित लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेत्री सह स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू सोरेन शामिल हुई। नवाडीह मैदान पहुँचने पर झामुमो नेत्री माननीया कल्पना मुर्मू सोरेन जी का स्वागत जिला संगठन प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य एजाजुल ईस्लाम व जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली व जिला सचिव सुलेमान बास्की ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ देकर किया।इस विशाल जनसभा कार्यक्रम में उपस्थित हजारो की संख्या में उपस्थित समर्थकों को संबोधित करते हुए झामुमो नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन जी ने कहा कि आपको याद होगा कि जब आपका झारखंडी बेटा मुख्यमंत्री के रूप में आपको अधिकार देने का काम कर रहा था, तो साजिश के तहत भाजपा ने उन्हें जेल में डाल प्रताड़ित किया और राज्यवासियों को अपमानित करने का काम किया। जब जब आपके नेता हेमंत सोरेन जी अपने झारखंडी लोगों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आगे बढ़े, उन्हें टॉर्चर कर सरकार गिराने की नाकाम साजिश हुई। फिर भी बिना डरे, बिना झुके हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहाँ के लोगो को हरा राशनकार्ड बनाकर अनाज उपलब्ध कराने का काम किया, राज्य के गरीबों को 10 रुपये में धोती साड़ी व लुंगी उपलब्ध कराई गई। युवतियों के लिए सावित्रीबाई फुले योजना चलाई गई, सर्वजन पेंशन योजना चलाया, किसानों का 2 लाख तक का ऋण माफ किया, बकाया बिजली बिल माफ करने के साथ साथ 200 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का काम किया। साथ ही राज्य की 18 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को मईयां सम्मान योजना के तहत हर माह 1000 रुपए की सम्मान राशि देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। और दिसंबर माह से इस योजना की राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने की घोषणा आपके हेमंत दादा ने कर दी है। इसलिये इस चुनाव 20 नवम्बर के दिन आप सब अपने अपने मतदान केंद्र जाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों से झामुमो के पक्ष में मतदान कर लिट्टीपाड़ा विधानसभा से हेमलाल मुर्मू को जिताने का काम करे और राज्य में फिर से हेमंत सोरेन जी की नेतृत्व वाली सरकार बनाने में अपना योगदान दें। मौके पर पार्टी के राजमहल लोकसभा क्षेत्र से माननीय युवा सांसद विजय हांसदा, केंद्रीय प्रवक्ता सह लिट्टीपाड़ा विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू, जिला संगठन प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य एजाजुल ईस्लाम, वरीय जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, जिला सचिव सुलेमान बास्की, युवा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, केंद्रीय सदस्य निशा शबनम हांसदा, केंद्रीय सदस्य अमित भागत, केंद्रीय सदस्य दीपू मुर्मू, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, सचिव माणिक मरांडी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष चरण मुर्मू, सचिव जावेद आलम, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष कोर्नेलियुस हेम्ब्रम, सचिव जहीरुद्दीन मियां, गोपीकांदर प्रखंड अध्यक्ष संतोष मराण्डी, जिला सह सचिव मुसलोद्दीन अंसारी, जिला सोशल मीडिया सदस्य प्रकाश सिंह, जिला सोशल मीडिया सदस्य आफताब आलम, तरुण मंडल, दिनेश मुर्मू, नारायण भगत, रहीम अंसारी, जाकिर अंसारी सहित इंडिया महागठबंधन में शामिल सभी घटक दलों के जिला व प्रखंड कमिटी के पदाधिकारी व सदस्य सहित हजारो की संख्या में समर्थक उपस्थित थे।




**अगर आप अधिक मात्रा में इत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ज्यादा इत्र के लगाने से आप अवसाद के शिकार भी हो सकते हैं।**

# अधिक इत्र से अवसाद

इत्र के अधिक इस्तेमाल से आप जल्द बीमार पड़ सकते हैं। इत्र से न केवल तनाव और अवसाद (डिप्रेशन) की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि सूंघने की शक्ति में भी कमी आती है।

**करते थे इत्र से स्नान :** इतिहास में इत्र की सबसे बड़ी दीवानी मेरी एन्टोयनेट अपने कभी ना नहाने के कड़वे सच को छुपाने के लिए इत्र लगाकर अपना सारा वातावरण सुगंधमय बना लेती थी। यूरोप में स्नान करना उस समय कोई आसान बात न थी। इसलिए इत्र ही सफाई और सुगंध के लिए एक सुविधाजनक था।

**सूंघने की शक्ति में कमी :** इत्र आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बनते जा रहे हैं, लेकिन मध्यपूर्व के एक विश्वविद्यालय के एक ताजे शोध के अनुसार यह सत्य हाल ही में सामने आया कि एक विशेष रूप के अवसाद से सूंघने की शक्ति में कमी आती है, जिसके कारण लोग ज्यादा या तेज इत्र का प्रयोग करते हैं। जब किसी तेज इत्र की खुशबू आपके नथुनों से टकराए तो आप संदेह कर सकते हैं कि यह व्यक्ति तनाव या अवसाद का शिकार है। यूएई में स्थित स्विस एरेबियन परफ्यूम नामक कंपनी के चेयरमैन हुसैन अदमाली के अनुसार अलग प्रकार की सुगंध से विभिन्न लोगों की मानसिक स्थिति में परिवर्तन होता है। हालांकि यह बात निश्चित रूप से नहीं कही जा सकती कि इत्र का अवसाद से कोई संबंध है या नहीं, पर इत्र की सुगंध मन की भावनाओं पर असर तो जरूर डालती है।

**सुगंध की शक्ति :** यदि आप नाक बंद कर के कोई चीज खाएं तो निश्चित है कि आप उसका पूरा आनंद भी नहीं ले पाएंगे। सुगंध में वह शक्ति है कि वह किसी भी अनुभव को प्रभावित तो करती ही है और बेहतर भी बनाती है। पर इस सबकी वैज्ञानिक व्याख्या के लिए अभी बहुत अध्ययन की आवश्यकता है। अब उपभोक्ताओं को भी बंधी बंधाई परिपाटी से बाहर निकलकर इत्र का चुनाव करते समय जागरूक होने की आवश्यकता है, क्यों कि अलग-अलग व्यक्तियों के शरीर के पर सही इत्र का चुनाव वैयक्तित्व में आत्मविश्वास की वृद्धि करता, जो दूसरों की दृष्टि में उसे अधिक लोकप्रिय बनाता है। अनेक इत्र ऐसे आकर्षक होते हैं कि उनकी सुगंध लोगों को पलटकर देखते पर विवश कर देती है।

**ज्यादा फुहारें नुकसानदायक :** अच्छे से अच्छा इत्र भी दो तीन छोटी फुहारों से अधिक नहीं छिड़कना चाहिए। अगर इसके बाद भी आपको लगता है कि और इत्र होना चाहिए तो किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से पूछा जा सकता है कि और इत्र की आवश्यकता है या नहीं।

# विलसन डिजीज से होता है पढ़ाई में चिड़चिड़ापन

**यदि आपके बच्चे का पढ़ाई-लिखाई में मन नहीं लग रहा है, उसमें चिड़चिड़ापन आने लगा है तो आप इसे हल्के से नहीं लें। हो सकता है कि उसे विलसन डिसीज हो गई हो। प्रदेश में लगभग आठ प्रतिशत बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हैं।**


न्यूरोलॉजिस्ट सैमुअल अलेक्जेंडर विलसन ने 1912 में इस रोग का पता लगाया था। तभी से इस बीमारी को नाम मिला। मस्तिष्क व लीवर के ऊत्तकों (टिश्यू) में मौजूद एटीपी-7 बी नामक जीन (जो कि एक प्रोटीन होता है) के विभाजन (म्यूटेशन) के कारण यह बीमारी होती है। यानी भोजन के साथ शरीर में पहुंचने वाला तांबा तत्व ठीक से नहीं घुल पाता और ऊतकों में जमा हो जाता है।


## संतान में संभावना

इस जीन की एक असामान्य कॉपी 100 में से एक मनुष्य में मौजूद रहती है। इस बीमारी के लक्षण माता-पिता में तो नहीं दिखाई देते, पर वे वाहक (कैरियर) बन जाते हैं और बच्चों में 6 से 20 की उम्र में लक्षण उभर जाते हैं।

## कॉपर बढ़ना है कारण

यह बीमारी शरीर में कॉपर की मात्रा बढ़ने से होती है, इसलिए बच्चे को चाकलेट व बादाम नहीं देना चाहिए। विलसन डिसीज होने पर यदि समय पर रोगी का उपचार नहीं किया गया तो इससे लीवर और आंखों को क्षति पहुंच सकती है। इसका इलाज अभी महानगरों में मौजूद है। बच्चे में कॉपर की मात्रा बढ़ने से उसमें पढ़ाई के प्रति उकताहट होने लगती है, किसी अन्य काम में भी उसका मन नहीं लगता, इसलिए बेहतर है कि उसे चाकलेट खाने को नहीं दिया जाए।






## कंधों-बांहों में दर्द का कारण

# रोटेटर कफ इंजरी

चार पेशिया कंधे की हड्डी और पसलियों की मांसपेशियों को ऊपरी बांह की हड्डी के साथ जोड़ती हैं, क्योंकि ये पेशियां बांह को उसके कोटर के भीतर घूमने में मदद करती हैं, इन पेशियों के आस्तीन को रोटेटर कफ कहा जाता है।

## रोटेटर कफ पेशियां


रोटेटर कफ में पेशियां आसानी से घायल हो सकती हैं, क्योंकि ये एक तंग जगह के भीतर घूमती हैं। जब कंधे को उसके घुमाव की प्राकृतिक सीमा की हद में मोड़ा या उठाया जाता है, इस तंग जगह में पेशियां भी घूमती हैं। कभी कभी रोटेटर कफ की पेशियां उसके ऊपर के हड्डीदार लौंदे (अंशकूट) या कंधे के सामने एक अस्थिबंध से टकरा या रगड़ खा सकती हैं। इस घर्षण को इंमपिंजमेंट सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है और रोटेटर कफ में सूजन का कारण बनता है। रोटेटर कफ घर्षण की सूजन पैदा करने की सबसे ज्यादा संभावना होती है। यदि आपके कंधे का घुमाव कठिन या दोहरावदार है। सूजन तीन समस्याएं पैदा कर सकती है :

## रोटेटर कफ टैंडोनाइटिस

अकेली पेशी की सूजन विशिष्ट घुमाव में दर्द उत्पन्न करती है, जब मांसपेशी जो उस पेशी को खींचती है, उपयोग हो रही है या जब आप ऊपर की ओर पहुंच रहे हैं।

## शोल्डर बर्साइटिस

उप-अंशकूटीय बरसाइटिस भी कहते हैं। बरसाइटिस तब होता है जब सूजन तरल पदार्थ, जो रोटेटर कफ की पेशियों को चिकना करता है और खंड तक फैल जाती है। दर्द अक्सर रात में और बुरा होता है, जब आप लगभग किसी भी दिशा में अपना कंधे ले जाते हैं, खासकर यदि आप ऊपर की ओर ले जाते हैं।



## रोटेटर कफ टियर

- सूजन के कारण कमजोर हो जाने के बाद पेशी टूट सकती है।
- कंधे के इस्तेमाल के कई प्रकार सामान्यत: रोटेटर कफ की वजह से होते हैं :

## अपने हाथों से धक्का देना

घुटने के गठिया, टांगों में अन्य दर्दनाक स्थितियां, या जांघों में कमजोर चतु:शिरस्क पेशियों द्वारा पीड़ित लोग अपने हाथों से धक्का देकर क्षतिपूर्ति करते हैं, जब वे कुर्सी से उठते हैं। कंधे इस प्रयोग के लिए नहीं बनाए गए हैं। धक्का देने के दौरान, कंधे की कोटर और प्रगंडिका एक उल्टी मोरटार और मूसल जैसे काम करती हैं, रोटेटर कफ पेशियों को कुचलते और पीसते हुए। फैलाए हुए हाथ के बल गिरते हैं, सीधे वाहन दुर्घटनाओं और खेलों में टक्कर भी पेशियों को कुचल सकती हैं।

## पुनरावृत्तीय फैलाव

ऊपरी हाथों की स्थिति तंग जगह जिनसे रोटेटर कफ पेशियों को निकलना होगा, को छोटा कर देती हैं। पुश अप, तैराकी, घर की सफेदी, घिसना, भवन निर्माण करना, ऑटो मैकेनिक का काम और अन्य गतिविधियां रोटेटर कफ की चोट का कारण हो सकती हैं।

## सशक्त या आकस्मिक ऊपरी बांह का घुमाव

टियर्स विशेष रूप से फेंकने वाली खेलों, रैकेट खेल और कुश्ती के खिलाड़ियों में आम हैं। अचानक संचलन, जैसे एक लॉन की घास काटने की मशीन शुरू करने के लिए खींचना, एक कमजोर पेशी को तोड़ सकता है। इसके अलावा आपका कंधा और आसानी से घायल हो सकता है अगर यह अस्वस्थ है। संकीर्ण जगह जो रोटेटर कफ पेशियों को घेरती है और भी संकीर्ण हो जाता है। अगर आपके कंधे की मांसपेशियां कमजोर या तंग हैं जब ऐसा होता है। दैनिक कंधे के संचलन की अधिक पेशी घर्षण पैदा करने की संभावना है।

## रोटेटर कफ इंजरी की चिकित्सा

कंधे में टैंडोनाइटिस, बरसाइटिस और छोटे रोटेटर कफ टियर्स का प्रभावी रूप से कोर्टिकोस्टेरॉयड दवा की सुई के साथ इलाज किया जा सकता है। इसके बाद कंधे की गति को पुन:संचलन में लाने और रोटेटर कफ की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए भौतिक चिकित्सा के व्यायाम किए जाते हैं। नॉन स्टैरोइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (एनएसए आईडी) जैसे आइबुप्रोफेन (एडविल, मोट्रिन और अन्य) दर्द और सूजन को कम करने में उपयोगी होती हैं। अगर आपका चिकित्सक पता लगाता है कि आपको कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस है, तब डॉक्टर इस बीमारी का इलाज शुरू करता है। प्राय: दोहराती रोटेटर कफ की चोटों या रोटेटर कफ पेशी में बड़े चीरों के लिए सर्जरी आवश्यक हो सकती है।

## रोटेटर कफ इंजरी का निदान

रोटेटर कफ की चोट का आमतौर पर शारीरिक परीक्षण द्वारा निदान किया जाता है। आपका चिकित्सक आपकी बांह कंधे से घुमाएगा और फिर आपकी बांह ऊपर उठाएगा। अगर ऐसी गति से दर्द होता है, रेटेटर कफ सूजा हो सकता है। अगर आपकी कमजोरी ध्यान देने योग्य है, तो आपको रोटेटर कफ टियर की जांच के लिए और परीक्षण कराने की जरूरत है। आपकी मांसपेशियां जो दर्द के कारण जवाब दे रही हैं, उनसे पेशी की वास्तविक कमजोरी में अंतर आपका चिकित्सक आपके कंधे में सुन्न करने वाली दवा डालकर कर सकता है। यदि टियर लग रहा है, एक चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) स्कैन या शोल्डर अर्थोनाम निदान की पुष्टि कर सकता है। आर्थोग्राम जोड़ों में डाई डालने के बाद कंधे का लिया एक एक्सरे है। कंधे के एक्सरे की हमेशा जरूरत नहीं होती, लेकिन ये मददगार है यदि आपके कंधे को आघात पहुंचा है या आपका चिकित्सक आपकी गति की पूरी सीमा तक आपका कंधा नहीं घुमा सकता। यदि आपके लक्षण सफल उपचार के बाद वापसी कर रहे हैं या जा नहीं रहे, आपका चिकित्सक एक्सरे का आदेश दे सकता है। कभी कभी सूजी हुई पेशी पर कैल्शियम तलछट बनते हैं, जो कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस नामक स्थिति उत्पन्न करते हैं।

## रोटेटर कफ इंजरी के लक्षण

रोटेटर कफ की चोटें आपके कंधे और ऊपरी बांह में दर्द का कारण उत्पन्न करती हैं। दर्द सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण तब हो सकता है, जब आप अपने हाथ ऊपर या बाहर फैलाते हैं। जब आप अपने हाथ उठाते हुए घुमाते हैं, पेशियों की आसपास के ढांचों से रगड़ने की अधिक संभावना है। इस कारण जब आप अपने बालों में कंघी करने या अपनी बांह आस्तीन में डालने की कोशिश करते हैं, आपके कंधे के लक्षण सबसे बुरे हो जाते हैं। रात में आपको क्षीण, दुखता हुआ कंधे का दर्द हो सकता है। इसके अलावा रोटेटर कफ टियर्स जो पेशी के एक महत्वपूर्ण भाग को प्रभावित करते हैं, कंधे की कमजोरी उत्पन्न कर सकते हैं। आपकी बांह एक तरफ बाहर फैलाकर रखने की या कोई वस्तु उठाने की क्षमता को सीमित करते हैं। दर्द की वजह से कंधे का उपयोग करने में कठिनाई का मतलब हमेशा ये नहीं कि टियर है।



# शरीर भी आर्थिक स्थिति देखकर देता है साथ



**कहा जाता है कि बुरे समय में आपका सबसे अच्छा साथी आपका स्वास्थ्य होता है, लेकिन यह कहावत शायद पूरी तरह सच नहीं है, क्योंकि आपका शरीर भी आपकी आर्थिक स्थिति को देखकर आपका साथ देता है।**

**ब्रिटिश** वैज्ञानिकों के दल ने इस बात का दावा किया है कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन भी तभी आपका साथ देता है, जब आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने पाया कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा याददाश्त को बढ़ाने, तनाव को कम करने में मददगार होती है और खासकर यह पुरुषों में पचास साल की आयु के दौरान काम करने लगता है।

## लंबी आयु के लिए जरूरी

शोध दल के प्रमुख सर माइकल ने बताया, मैं विश्वास से कह सकता हूं कि यह हमने पहली बार किया है। मेरा यह निजी तौर पर मानना है कि यह तनाव को कम करने का एक तरीका हो सकता है। आपके शरीर में हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा में मौजूदगी आपको लंबे समय तक जिंदा रखती है। गुर्दे के ऊपर स्थित एड्रीनल गंथि से स्रावित होने वाला यह हार्मोन उनमें अधिकतम मात्रा में पाया जाता है, जो ज्यादा व नियमित तौर पर व्यायाम करते हैं और ज्यादा खुशी, उत्साह, रोमांच और अपने दोस्तों व परिवार के साथ जिंदगी व्यतीत करते हैं। इस तरह का आरामदायक और विलासितापूर्ण जीवन जीना, तभी संभव है जब आपके पास अकूत धन हो।

## उम्र बढ़ने पर होता है स्रावित

उम्र को लेकर किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि एक दूसरा हार्मोन आईजीएफ (इंसुलिन लाइक ग्रोथ फैक्टर) भी उम्र बढ़ने के साथ कम मात्रा में स्रावित होने लगता है। ये दोनों हार्मोन सम्मिलित रूप में मिलकर तनाव की स्थिति को कम करते हैं। इसके साथ ही यह शरीर की अन्य जैविक गतिविधियों मसलन पाचन, प्रतिरक्षा तंत्र और ऊर्जा बनने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इस प्रयोग को करने के लिए शोधकर्ताओं के दल ने करीब पचास साल की उम्र के 1000 व्यक्तियों के खून के नमूने प्राप्त कर यह निष्कर्ष निकालने में कामयाबी पाई। सर माइकल ने कहा, हमने स्पष्ट रूप से पाया कि कम धनी लोगों के बीच तनाव, मोटापा और अनियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान की अधिकता तथा हरी सब्जियों और फलों का कम मात्रा में सेवन कुछ ऐसे कारक थे, जो उनके बीच मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या को उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार थे।

## हार्मोन को सीधा बढ़ाएंगे

शोधकर्ताओं के मुताबिक इस नए शोध के परिणाम की वजह से ऐसी दवाओं के निर्माण का रास्ता खुल गया है, जिसके जरिए हम शरीर में इस तरह के हार्मोन को सीधे बढ़ा पाएंगे। शरीर में इस तरह के हार्मोन के स्तर को बढ़ाने का मामला केवल कुछ गोलियां खाकर पूरा नहीं हो सकता। इस हार्मोन का स्राव बचपन और युवावस्था में काफी मात्रा में होता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ ही इसके स्राव में गिरावट आने लगती है। अस्सी की उम्र में तो इसकी स्रावित मात्रा युवावस्था के मुकाबले में केवल दस प्रतिशत ही रह जाती है।

# वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण है भारत चीन की पहल



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। भारत चीन दोनों ने दावा किया है कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने उपकरण वापस खींचना शुरू कर दिया है। ऐसा होने से पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है। चीन ने भी ऐसा ही दावा किया है। सीमा से सेना की वापसी एक अच्छी पहल है। इससे विवाद वाले देशों में शांति होती है। विकास होता है। अब तक तनाव के दौरान सीमा और सेना पर किया जा रहा व्यय देश के विकास पर खर्च होगा। इतना सब होने पर भी चीन के रवैये को देखकर उस पर यकीन नही किया जा सकता। उसके बहुत सावधान रहने की जरूरत है। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए।

24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर ह्लजमीनी स्थितिह्व बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई की बहाली शामिल है। रक्षा मंत्री ने संबंधों में प्रगति का श्रेय निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति को दिया, क्योंकि जल्द या बाद में, समाधान निकलेगा। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता



बनी रहनी चाहिए और आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने चीन के साथ गश्त व्यवस्था पर एक समझौता किया है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई 2020 से पहले जैसी हो जाएगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर पेट्रोलिंग (गश्त) को लेकर हुए समझौता का श्रेय भारतीय सेना और कूटनीति को दिया। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच शुक्रवार को डिसएंगेजमेंट (सैनिक वापसी) की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 29 अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद 30-31 अक्टूबर से गश्त फिर से शुरू की जाएगी।

पुणे में छात्रों के साथ संवाद करते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंधों के सामान्य होने में अभी समय लगेगा, क्योंकि विश्वास और सहयोग को दोबारा स्थापित करना लंबी प्रक्रिया है। विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। जयशंकर ने कहा, अगर आज हम उस मुकाम पर पहुंचे हैं, जहां हम हैं...तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी जमीन पर डटे रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में (एलएसी पर) मौजूद थी, और सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब पिछले एक दशक की तुलना में पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहा है, जिससे सेना को प्रभावी ढंग से तैनात किया जा सका है।

ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि 'ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। 2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है। अच्छा यह है कि दोनों देश मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटने पर सहमत ही नही हुए, इस प्रक्रिया के लिए कार्य भी शुरू हो गया। सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हालांकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य के कारण यह आवश्यक हो गया है कि महंगाई पर लगाम लगाई जाए

यदि सरकार महंगाई पर काबू पाने में कामयाब रहती है तो आर्थिक वृद्धि की तस्वीर को बदरंग होने से बचाया जा सकता है। अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य के कारण यह और भी आवश्यक हो गया है कि महंगाई पर लगाम लगाई जाए क्योंकि उससे व्यापक राहत के आसार नहीं दिख रहे। लगातार परेशान करती महंगाई के बीच शनिवार की शाम एक राहत भरी खबर आई। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने का एलान किया, जिससे बेलगाम महंगाई पर कुछ लगाम लगने की उम्मीद बंधी है। इससे जहां लोगों का आवाजाही से जुड़ा खर्च घटेगा, वहीं आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई सस्ती होने से भी राहत मिलेगी। पिछले कुछ अर्से से प्रत्येक वर्ग पर महंगाई का असर दिखने लगा था। विशेषकर निम्न आय वर्ग के लिए यह नासूर बनती जा रही थी। इस तबके की आमदनी का एक बड़ा हिस्सा खानपान और ईंधन पर खर्च होता है। इस कारण बढ़ती कीमतों से उसका बजट बिगड़ता जा रहा था। ऐसे में सरकार के लिए कोई राहत देना आवश्यक हो गया था। इससे पहले गत नवंबर में भी केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाया था, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से उस कटौती का असर जाता रहा। महंगाई इस समय केवल भारत की समस्या नहीं है। तमाम देश इससे बुरी तरह त्रस्त हैं। भारत में तो करीब छह प्रतिशत मुद्रास्फीति का लक्ष्य भी सहज मान लिया जाता है। वहीं अमेरिका इसके लिए अधिकतम दो प्रतिशत का लक्ष्य तय करता है, लेकिन वहां मुद्रास्फीति की दर 8.3 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है, जो महंगाई की विकराल स्थिति को दशार्ता है। यूरोप का भी यही हाल है। कुल मिलाकर अधिकांश देश अभी महंगाई की मार से बेहाल हैं। फिलहाल रूस-यूक्रेन युद्ध इसका तात्कालिक कारण है। इस युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस के दाम आसमान पर चढ़ा दिए हैं। खाद्य वस्तुओं के दाम भी उसकी चपेट में आ गए हैं। रूस और यूक्रेन दुनिया को गेहूं की बड़े पैमाने पर आपूर्ति करते हैं। यूक्रेन सूरजमुखी तेल का भी बड़ा उत्पादक है। उसके रणक्षेत्र में बदलने से इन उत्पादों की आपूर्ति पर असर पड़ा है। इस लड़ाई ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला को भी छिन्न-भिन्न कर दिया है। केवल यही नहीं, बल्कि इसके कारण आपूर्ति केंद्रों के समीकरण भी गड़बड़ा गए हैं और उन्हें नए सिरे से तय करना पड़ रहा है। यह प्रक्रिया खचीर्ली होने के साथ ही ज्यादा समय भी ले रही है। इससे वस्तुओं के दाम बढ? के साथ ही उनकी आपूर्ति का समय प्रभावित हो रहा है, जिससे उनकी किल्लत पैदा हो रही है। इस कारण भी कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान दिख रहा है। वहीं चीन में कोविड के विस्फोट एवं उस पर काबू पाने की कड़ी नीति ने आर्थिक मोर्चे पर एक नया जोखिम उत्पन्न कर दिया है।

भारत बड़े पैमाने पर कच्चे तेल, गैस के अलावा तमाम औद्योगिक जिंसों और खाद्य तेल जैसी वस्तुओं



का आयात करता है तो उस पर इनका असर पड?ा स्वाभाविक है। इसे आयातित महंगाई का नाम दिया जाता है। इसका आशय है आयात की जाने वाली वस्तुओं के कारण बढ? वाली महंगाई। सामान्य परिस्थितियों में भारतीय महंगाई परिदृश्य में आयातित महंगाई का अनुपात करीब 28 से 30 प्रतिशत के दायरे में होता है, लेकिन इस समय यह 60 प्रतिशत से भी ऊपर है। यह स्थिति की गंभीरता को दशार्ने के लिए पर्याप्त है कि वैश्विक रुझान किस प्रकार भारत में महंगाई की आग को हवा दे रहे हैं। कीमतों पर असर डालने के अलावा ये आर्थिक गतिविधियों की धार कुंद करने पर भी आमादा हैं। जैसे चीन में कोविड के कारण लगे लाकडाउन से देसी कंप्यूटर हार्डवेयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और दूरसंचार क्षेत्र की आपूर्ति पर असर पड़ा है। भारत अपनी आवश्यकता का करीब 53 प्रतिशत कंप्यूटर हार्डवेयर, 52 प्रतिशत कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और 43 प्रतिशत दूरसंचार उपकरण एवं उनके निर्माण में आवश्यक कलपुर्जे चीन से आयात करता है। ऐसे में यदि यह गतिरोध लंबा चला तो मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। इस आयातित महंगाई का दीर्घकालिक समाधान यही है कि जहां भारत हाइड्रोकार्बन पर अपनी निर्भरता घटाए, वहीं अधिक से अधिक वस्तुओं का घरेलू उत्पादन करे। सरकार द्वारा हरित ऊर्जा पर जोर और सेमीकंडक्टर जैसे उद्योग की स्थापना के लिए प्रोत्साहन इस दिशा में स्वागतयोग्य हैं, लेकिन उनके अपेक्षित परिणाम आने में समय लगेगा। मौजूदा परिस्थितियों की बात करें तो पेट्रोल-डीजल पर कर की दर घटाने की बहुत ज्यादा गुंजाइश न होने के बावजूद सरकार को ऐसा करने के लिए विवश होना पड़ा। दरअसल महंगाई नियंत्रण में मौद्रिक नीति के मोर्चे पर भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दरों में बढ़ोतरी की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे भी उसने दरों में तेजी कायम रखने के संकेत दिए हैं। ऐसे में अब पूरा दारोमदार राजकोषीय नीति पर आ गया था कि सरकार अपने स्तर पर कोई कदम उठाए। पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क की दरें घटाना इसी रणनीति का हिस्सा है। जल्द ही इसका असर देखने को मिलेगा, जब महंगाई के आंकड़े सामने आएंगे। फिर भी इसमें कुछ समय तो लगेगा। सरकार पर इस कटौती के असर को लेकर वित्त मंत्री ने स्वयं स्वीकार किया है कि इस कारण सरकारी खजाने पर करीब एक लाख करोड़ रुपये का बोझ बढ़ेगा। इससे पहले सरकार उर्वरक सब्सिडी में दोगुनी बढ़ोतरी कर चुकी है।

# जनतंत्र को राजतंत्र का रोग

दिल्ली में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को पंजाब पुलिस आईटी ऐक्ट के तहत गिरफ्तार कर मोहाली की ओर रवाना हो गई। कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता अर्जुन चौरसिया का शव पेड़ से लटका मिला। गृह मंत्री अमित शाह उस वक्त कोलकाता में मौजूद थे। झारखंड की एक वरिष्ठ आईएएस और तमाम लोगों के विभिन्न स्थानों पर स्थित ठिकानों पर ईडी ने छापा डाल दिया। यह तो बस शुरूआत थी। दिन के चढ़ाव के साथ तपिश बढ़ती गई। बग्गा को गिरफ्तार करने वाले दस्ते को कुरुक्षेत्र में हरियाणा के वदीर्धारियों ने रोक लिया। उधर, दिल्ली में तेजिंदर के पिता की शिकायत पर पंजाब पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज हो गया और दिल्ली पुलिस का दस्ता कुरुक्षेत्र जा पहुंचा। पुलिस बनाम पुलिस का यह संग्राम अभूतपूर्व है। बाद में पंजाब के जवानों को बग्गा को दिल्ली पुलिस के हवाले करना पड़ा। वजह? वे एक तकनीकी भूल कर बैठे थे। दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश है कि अन्य राज्य की पुलिस बिना स्थानीय पुलिस को सूचना दिए कार्रवाई नहीं कर सकती। हालांकि, बग्गा के सिर पर अभी भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। पंजाब पुलिस निकट भविष्य में सारी तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कर तेजिंदर को गिरफ्तार करने की कोशिश कर सकती है। यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या पंजाब के पुलिस दस्ते पर कार्रवाई की जाएगी? उनकी कार्रवाई आपराधिक कृत्य है या तकनीकी चूक के चलते अनुशासनिक मामला? आप प्रवक्ता आतिशी ने दावा किया है कि पंजाब पुलिस ने दिल्ली पुलिस को गिरफ्तारी की पूर्व जानकारी दी थी। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने इसके जवाब में कहा कि पंजाब पुलिस ने पहले बग्गा को उठाया और फिर उनके तीन जवान थाने में सूचना देने पहुंचे। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव के पिता ने अपहरण सहित तमाम आरोपों की लिखित सूचना हमें दी।

इसके आधार पर हमने प्राथमिकी दर्ज कर हरियाणा पुलिस को सूचना भेजी। पंजाब पुलिस ने इसके खिलाफ शुक्रवार की दोपहरी में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में गुहार लगाई। उच्च न्यायालय ने हरियाणा पुलिस को 24 घंटे में अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अगली अदालती कार्यवाही का ब्योरा नहीं मिल सका है, पर इतना तय है- बात निकली है, तो दूर तलक जाएगी। उधर, कोलकाता में गृह मंत्री अमित शाह ने दोपहर ढले मृत कार्यकर्ता अर्जुन के आवास का दौरा करने के बाद घोषणा की कि दोषियों को कड़े से कड़ा दंड दिलाया जाएगा। इससे पहले भी शाह भाजपा के पीड़ित कार्यकताओं के घर जा चुके हैं। जाहिर है, वह किसी भी हालत में भगवा दल का मनोबल नहीं टूटने देना चाहते। पश्चिम बंगाल की स्थिति वाकई चिंताजनक है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद से अब तक ह्यसियासी रंजिशह्व में लगभग 60 लोगों के मारे जाने का आरोप है। ध्यान रहे, यह दावा बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष का है। कोलकाता की हुकूमत ने इस पर कोई आधिकारिक डाटा सार्वजनिक नहीं किया है। तृणमूल इससे पल्ला झाड़ती है, पर इसमें कोई दो राय नहीं कि विधि-व्यवस्था का अनुपालन प्रदेश सरकार के कंधों पर होता है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा-प्रतिहिंसा का पुराना इतिहास है।

# चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा

वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। क्योंकि भारतीय जमीन पर चीनी सेना के अतिक्रमण की वजह से ही दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तनाव के कारण दूरियां काफी बढ़ गयी थी। गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।

भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए।



# सीएम नीतीश कुमार के आवास पर जुटे एनडीए के सभी दलों के नेता




**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की महाबैठक है। यह बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक अणे मार्ग स्थित आवास पर हो रही। एनडीए के सभी प्रमुख नेताओं का जुटान हुआ है। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह, सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी समेत भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा समेत अन्य दलों के विधायक, सांसद और वरीय नेता बैठक में शामिल हुए। विपक्ष बेवजह खुश हो रही है वहीं बैठक को लेकर भाजपा विधायक पवन जायसवाल ने कहा कि सीएम नीतीश की आज अध्यक्षता में एनडीए की बैठक हो रही है। एनडीए सरकार अपने कार्यों की समीक्षा कर रही है। सरकार के काम जन-जन तक पहुंचे की समीक्षा कर रही है। 'यह कोई विशेष बैठक नहीं है। सामान्य रूटिंग बैठक है। विपक्ष बेवजह खुश हो रही है। इधर, राजनीतिक पंडितों का कहना है कि हाल के दिनों में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाईटेड के नेताओं के बीच दूरियां कुछ हद तक बढ़ी हैं। गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा से जदयू के मुस्लिम वोट बैंक पर असर पड़ता दिख रहा है। अगले साल विधानसभा चुनाव है। इन सबको देखते हुए ही यह बैठक बुलाई गई है। एनडीए के नेताओं ने इसे महाअभियान नाम दिया है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि आज एनडीए की विस्तृरित मीटिंग अणे मार्ग में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो रही है। इसमें एनडीए के सभी सांसद, विधान मंडल दल के नेता, जिलाध्यक्ष और प्रदेश स्तर के वरीय नेता शामिल होंगे। सब लोगों का एक ही उद्देश्य है कि आने वाले चुनाव में सबलोग एकजुट होकर लड़ें। एक तरह से एक अभियान की शुरूआत हो रही है। जानकारी देते हुए सीएम नीतीश कुमार के करीबी और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर 28 अक्टूबर को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन होने वाली है। संजय झा ने अभी तो नॉमिनेशन ही हुआ है। अब तक जो फीडबैक मिला है, उसमें यह बात सामने आ रही है कि हमलोग चारों विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीत रहे हैं। हमलोग बड़े मार्जिन से जीत रहे हैं।

लोगों को पता है कि डबल इंजन की सरकार विकास पर वोट मांग रही है।

कई काम अभी होना है। इसलिए विकास को वोट करना है। एनडीए जरूरी है।

### सबलोग एकजुट होकर आगामी चुनाव लड़े

**जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि आज एनडीए की विस्तृरित मीटिंग अणे मार्ग में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो रही है। इसमें एनडीए के सभी सांसद, विधान मंडल दल के नेता, जिलाध्यक्ष और प्रदेश स्तर के वरीय नेता शामिल होंगे। सब लोगों का एक ही उद्देश्य है कि आने वाले चुनाव में सबलोग एकजुट होकर लड़ें। एक तरह से एक अभियान की शुरूआत हो रही है।**

## संक्षिप्त डायरी

### चांदी व्यापारी की हत्या, अपराधियों ने घर में घुसकर मारी गोली




**पटना।** के बाकरगंज में रविवार की दिन रात अपराधियों ने घर में घुसकर एक चांदी व्यापारी को गोली मार दी। आननफानन में इलाज के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पीरबहोर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के निवासी अवधेश अग्रवाल पटना के बाकरगंज में चांदी की छोटी-मोटी व्यापार किया करते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक मिठाई का दुकान भी खोल रखा था। बताया जा रहा है कि रविवार की दिन रात वे दुकान बंद कर अपने घर लौटे थे। इसी क्रम में घात लगाए अपराधियों ने घर में घुसकर उन पर गोलियां चला दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने बताया कि दीपावली का सीजन होने के कारण पटाखे की आवाज के बीच गोलियों की आवाज दब के रह गई। बाद में लोगों ने घायल अवस्था में अवधेश अग्रवाल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई।बताया जा रहा है कि अवधेश अग्रवाल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और पटना में किराया का मकान लेकर अपना कारोबार किया करते थे। बातचीत के क्रम में पीरबहोर थाना प्रभारी ने बताया कि अवधेश अग्रवाल पर पूर्व से एक मामला न्यायालय में चल रहा था। इसमें अभी दो दिन पूर्व कोर्ट का फैसला आया था। इसमें अवधेश अग्रवाल को दोष मुक्त कर दिया गया था। पुलिस का मानना है कि संभव हो इसी आक्रोश में अवधेश अग्रवाल की गोली मारकर हत्या की गई होगी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम के माध्यम से जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी का अवलोकन किया जा रहा है। अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## चर्चित दवा कंपनी की आड़ में हो रही थी शराब की तस्करी




**मुजफ्फरपुर।** में दीवाली से पहले शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी गई है। खास बात यह है कि शराब की यह खेप दवाई के आड़ में की जा रही थी। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि हैरत की बात यह है कि माफिया शराब की खेप को जगह तक पहुंचाने के लिए दवा की एक चर्चित और नामी गिरामी कंपनी का सहारा लेते हुए शराब की तस्करी कर रहे थे, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। दवा कंपनी एरिस्टो की दवा के साथ-साथ भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने इस दौरान एक शराब के धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है, जिससे अभी पूछताछ की जा रही है। मामला सदर थाना क्षेत्र के पताही गांव की है। इस पूरे मामले पर सदर थानाध्यक्ष अशिमत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली थी कि एक पंजाब नंबर ट्रक से विदेशी शराब की बड़ी खेप थाना क्षेत्र के पताही में पहुंची है। शराब तस्करी की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और टीम बनाकर छापेमारी के लिए निकल गई। छापेमारी की गई, जिसमें भारी मात्रा में शराब की खेप पकड़ी गई। थानाध्यक्ष अशिमत कुमार ने बताया कि तस्कर एक बड़ी दवाई कंपनी की आड़ में शराब की खेप करवा रहे थे। जब्त शराब की कीमत करीब 50 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने मौके से लडौरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक धंधेबाज मो असलम को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक से शराब की खेप को जिले में खपाने तैयारी थी, इस वजह से उसमें लदे शराब को दो पिकअप पर लोड किया जा रहा था।

## बीच सड़क युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला



**मधुबनी।** में रविवार को दिनदहाड़े एक युवक को बाइक सवार बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। इस हमले में युवक के चेहरे और सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक का नाम बबलू मंडल है। घटना नगर थाना के वासन स्कूल के पास की है। घायल बबलू के मुताबिक, बाइक सवार युवकों ने साइड में खड़ी उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। जब बबलू ने टोका तो बाइक सवार युवक उसके साथ मारपीट करने लगे। वारदात के दौरान बदमाशों ने बबलू को करीब 7 बार चाकू मारा। हमले के दौरान पर मौके पर भीड़ इकट्ठा थी, लेकिन किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं। बदमाश उस पर लगातार हमला करते रहे।पीड़ित बबलू मंडल ने बताया, 'मैं वासन स्कूल के सामने अपना कार रोककर खड़ा था। तभी पीछे से दो बाइक सवार युवक तेजी से आए और ट्रक को ओवरटेक करते हुए उनकी गाड़ी से टकरा गए। जिसके बाद मैंने उनसे गाड़ी को हुए नुकसान की भरपाई के लिए पैसे मांगे तो, सभी ने पैसे देने से इनकार कर दिया और फिर मेरे साथ मारपीट करने लगे।

### पूर्णिया में करंट की चपेट में आया युवक, मौत



**पूर्णिया।** में हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई। युवक पेट्रोल पंप संचालक के कहने पर पंप से लगे पेड़ की टहनियां काटने उस पर चढ़ा था। इसी क्रम में वो पेड़ से होकर गुजरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद स्थानीय मौके पर जुटे। आनन-फानन में युवक को GMCH पूर्णिया लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं, घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। घटना सदर थाना क्षेत्र के गुंडा चौक उत्तरी पोखरिया की है। मृत शख्स की पहचान सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग के बेलबाड़ी निवासी घनश्याम साह के बेटे रवि साह(25) के रूप में हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी और 2 बेटियों को छोड़ गया है।जानकारी देते हुए मृत शख्स के भाई जोगेश्वर साह ने बताया कि उनके भाई रवि साह पेट्रोल पंप संचालक के बुलाने पर बेलबाड़ी गांव स्थित घर से सदर थाना क्षेत्र के गुंडा चौक उत्तरी पोखरिया स्थित पेट्रोल पंप पर पेड़ की टहनियां काटने गए थे। इसी क्रम में वो पेड़ से होकर गुजरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए। कुछ ही देर बाद स्थानीय मौके पर जुटे। जिसके बाद मेन लाइन काटा गया। फिर शख्स को सूखे बांस के जरिए तार के संपर्क से हटाया गया। हालांकि, इस हादसे में मौके पर ही युवक की मौत हो गई। वहीं, घटना के तुरंत बाद स्थानीय मौके पर जुटे। परिजनों को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद युवक को परिजनों की मदद से GMCH पूर्णिया लाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में मातम पसरा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पोस्टमॉर्टम में जुट गई है।

## सीएम आवास के पास पुतला जलाते हुए युवक चिल्लाया



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के पास सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक के वक्त ही सीएम आवास के गेट से कूछ दूर पर एक युवक पुतला जलाकर आत्मदाह की बात करने लगा। जब तक सुरक्षा कर्मी उसे पकड़ते तक तक वह जोर जोर से पटना पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगा। वह पटना पुलिस मुदार्बाद के नारे लगा रहा था। सुरक्षाकर्मी ने उससे पूछा कि क्यों ऐसा कर रहे तो चिल्लाते हुए बोला कि भाजपा नेता ने मेरी हत्या की हत्या करवा दी। मैं थानेदार से लेकर एसपी तक से न्याय की गुहार लगा चुका हूं लेकिन पटना पुलिस ने अब तक इस मामले कोई सुनवाई नहीं की।

मेरी मां को न्याय नहीं मिला इसलिए अब मैं अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लेना चाहता हूं। युवक इतना बोल ही रहा था कि सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में लिया और गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई।

# सलमान को धमकाने वाले बिश्नोई गैंग ने बिहार के सांसद को दी धमकी



**पूर्णिया।** सांसद पप्पू यादव को अलग अलग दो-दो गैंगस्टरों ने धमकी दी है। सांसद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों ने धमाकाया है। कहा कि टीआरपी कमाने के चक्कर में न पड़ो, वरना रेस्ट इन पीस कर देंगे। बता दें कि इसी गैंग ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की भी जिम्मेदारी ली थी। बाबा सिद्दकी की हत्या के बाद पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई को चुनौती दी थी। कहा था कि अगर कानून अनुमति दे तो मैं 24 घंटे में इस दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। इस घटना के करीब 13 दिन बाद अब पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी मिली है। सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया रेंज के डीआईजी, एसपी के अलावा डीजीपी को भी शिकायत की है। पप्पू यादव को फोन करने वाले लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे ने कहा कि सांसद के सभी ठिकानों की जानकारी उसके भाई के पास है। यही नहीं जेल में रहने के दौरान जैमर बंद करके उसने पप्पू यादव को वीडियो कॉल भी किया था, लेकिन पप्पू यादव ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद से कुछ ऑडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें एक शख्स पहले पप्पू यादव को बड़े भाई कहकर संबोधित कर रहा। उनकी तारीफ कर रहा। इसके बाद दूसरे ऑडियो में पप्पू यादव को अपशब्द कह रहा। शख्स ने कहा कि भाई ने जेल से जैमर बंद करवा कर वीडियो कॉल किया था। लेकिन, तुमने नहीं उठाया। यह गलत किया। इसका अंजाम भुगतना होगा। झारखंड के जेल में बंद गैंगस्टर अमन के करीबी मयंक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके पप्पू यादव को धमकी दी है। मयंक सिंह नाम के फेसबुक अकाउंट से 26 अक्टूबर को पोस्ट किया गया था। पोस्ट में लिखा है कि समाचार पत्रों के जरिए जानकारी मिली है कि बीते दिनों बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव उर्फ राजेश रंजन द्वारा लॉरेंस भाई के बारे में उल्टा पुल्टा बयान दिया गया था।

वरना रेस्ट इन पीस कर देंगे गैंगस्टर के करीबी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मैं पप्पू यादव को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि तुम औकात में रहकर चुपचाप राजनीति करो, ज्यादा इधर उधर तीन-पांच करके टीआरपी कमाने के चक्कर में मत पड़ो। वरना रेस्ट इन पीस कर देंगे।

बता दें कि पप्पू यादव इन दिनों झारखंड में इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार कर रहे हैं।

## छह कठ्ठा जमीन को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष, एक की मौत



**समस्तीपुर।** में दो गुटों आपस में भीड़ गए। इस घटना में पिता की मौत हो गई, जबकि भाई और पुत्र के अलावा दो अन्य लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी का उपचार पीएमसीएच में चल रहा है। मृतक की पहचान अमदीपुर धमौन के सुबोध राय के रूप में की गई है, जबकि उनके भाई प्रमोद राय और पुत्र गांधी राय को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से दिनेश राय और लालू राय जख्मी हैं। घटना पटोरी थाना क्षेत्र के अमदीपुर धमौन गांव की है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि दिनेश राय और सुबोध राय के बीच छह कठ्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दोपहर में जमीन की आरी तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। इस घटना में दोनों ओर से लाठी डंडा चलने लगे। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे पर रॉड आदि से भी प्रहार किया। इस घटना में सुबोध के साथ ही दिनेश राय, प्रमोद राय, गांधी, दिनेश व लालू घायल हो गये, जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।लेकिन स्थिति गंभीर होने की वजह से सभी घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान देर शाम सुबोध राय की मौत हो गई। सुबोध की मौत की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्यों के बीच कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पटोरी के डीएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। परिजनों ने बताया कि सोमवार को पटना में पोस्टमार्टम के बाद शव पटोरी पहुंचेगा। पटोरी के डीएमसी बीके मेधावी ने बताया कि सुबोध राय और दिनेश राय के बीच विवाद जमीन की मेड़ बांधने को लेकर हुआ था, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। बाद में परिवार के लोग सुबोध को लेकर पीएमसीएच गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अभी परिवार की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही मामले की जांच कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सिर और कमर में गोली मारकर अधिवक्ता की हत्या





**सहरसा।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थानाक्षेत्र में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 45 वर्षीय अधिवक्ता दुलारचंद शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना भौरा के पास तब घटी, जब बाइक सवार अपराधियों ने अधिवक्ता को रास्ते में रोककर उनके सिर और कमर में गोली मार दी। अधिवक्ता सहरसा व्यवहार न्यायालय में कार्यरत थे और अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या के अनुसार कोर्ट जा रहे थे।

अधिवक्ता दुलारचंद शर्मा को गंभीर हालत में सिमरी बख्तियारपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी है और मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। अधिवक्ता के बेटे प्रिंस कुमार ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से पड़ोसियों के साथ जमीन विवाद से जूझ रहा था। पांच-छह साल पहले उनकी बहन की भी हत्या कर दी गई थी, जिसे जलाकर मारा गया था। इस घटना के पीछे भी उसी जमीन विवाद और पुरानी रंजिश को कारण माना जा रहा है। आरोपी राजकुमार यादव और उनके साथियों पर जमीन घेरने का आरोप भी है, जिसके चलते दुलारचंद शर्मा काफी समय से परेशान थे। मृतक अधिवक्ता अपने पीछे पत्नी वीणा देवी, जो कि एक आंगनबाड़ी सेविका हैं, बेटे प्रिंस कुमार और एक बेटी को छोड़ गए हैं। इस घटना के बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही सिमरी बख्तियारपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा अपराधियों की तलाश की जा रही है, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का मानना है कि हत्या का कारण पुरानी रंजिश और जमीन विवाद हो सकता है, लेकिन मामले की तहकीकात जारी है। गौरतलब है कि दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने सहरसा जिले में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# त्योहारी सीजन में 30 फीसदी बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री

## - बाजार में एआई से लैस उत्पादों की मांग रहेगी अधिक

**नई दिल्ली ।**



त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में प्रीमियम यानी महंगे उत्पादों की मांग अधिक है। लोग ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार वाले टीवी, फ्रीज खरीदने के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं। उद्योग निकाय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण निर्माता संघ (सिएमा) ने कहा कि सभी श्रेणियों की बिक्री में अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है। गोदरेज अप्लायंसेज के एक अे धिकारी ने कहा` कि अच्छे मानसून की वजह से त्योहारी बिक्री में तेजी आई है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स मंचों पर त्योहारी बिक्री के दौरान हमने पिछले साल की तुलना में 70 फीसदी से अधिक की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि वॉशिंग मशीन और फ्रिज के प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है। खास बात है कि इस बार छोटे शहरों के बाजारों से भी प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है, जो उत्साहजनक है। सोनी इंडिया के एक अे धिकारी ने कहा बड़ी स्क्रीन वाले और खासकर 55 इंच व उससे अधिक बड़ी स्क्रीन वाले टीवी की मांग में तेजी है।

# वैश्विक भुगतान में अमे रिकी डॉलर की अहम भूमिका, यूरो में गिरावट

## - पिछले दो वर्षों में डॉलर का अंतरराष्ट्रीय भुगतान लेन-देन में उपयोग 9 प्रतिशत अंक बढ़ गया

**अनुसार पिछले दो वर्षों में अमेरिकी डॉलर का अंतरराष्ट्रीय भुगतान लेन-देन में उपयोग 9 प्रतिशत अंक बढ़ गया है।**

**मुंबई ।**

वैश्विक भुगतान में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी 49 फीसदी तक पहुंच गई, जो 12 वर्षों में सबसे अधिक है। हाल ही में एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। स्विफ्ट रिपोर्ट के डेटा के अनुसार पिछले दो वर्षों में अमेरिकी डॉलर का अंतरराष्ट्रीय भुगतान लेन-देन में उपयोग 9 प्रतिशत अंक बढ़ गया है। इस दौरान यूरो की हिस्सेदारी 39 फीसदी से घटकर 21 फीसदी पर आ गई है, जो कि एक दशक में सबसे कम है। इसलिए अमेरिकी डॉलर वैश्विक मुद्रा के रूप में अपनी प्रमुखता बनाए रखे हुए है और यह स्थिति स्पष्ट है कि इस मामले में कोई अन्य मुद्रा इसकी तुलना में नहीं आ पा रही है। यूरो की घटती



हिस्सेदारी के पीछे विभिन्न आर्थिक और राजनीतिक कारण हो सकते हैं, जिनमें यूरोपीय संघ की आर्थिक स्थिरता, व्यापार संतुलन और अन्य अंतरराष्ट्रीय घटनाएं शामिल हो सकती हैं।

# फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अपने आगामी आईपीओ की वैल्यूएशन में कटौती की

## - ब्लैकरॉक और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड 1.4 अरब डॉलर आईपीओ में निवेश करेंगे

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अपने आगामी आईपीओ की वैल्यूएशन में कटौती की है, इसके बाद अब 11.3 अरब डॉलर आंकी गई है। यह मूल्यांकन स्विगी के शुरुआती लक्ष्य 15 अरब डॉलर से लगभग 25 प्रतिशत कम है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि बाजार में अस्थिरता और हाल ही में ह्युंडै इंडिया के आईपीओ की कमजोर लिस्टिंग के चलते निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा है। ब्लैकरॉक और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) 1.4 अरब डॉलर के इस आईपीओ में निवेश करेंगे, जो इस साल देश का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, स्विगी ने यह फैसला इसे लिए` लियास ताकि निवेशकों की रुचि को बनाए रखते हुए कमजोर प्रतिक्रिया से बचा जा सके। स्विगी का यह आईपीओ 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की वैश्विक अनिश्चितता के बीच आ रहा है, जिससे बाज़ार में अस्थिरता और बढ़ने की संभावना है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने बड़े निवेशकों से परामर्श करके अपने आईपीओ की वैल्यूएशन घटाने का निर्णय लिया। भारतीय शेयर बाजार में चार सप्ताह से गिरावट जारी है, जिससे बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स अपने ऊपरी स्तर से 8 प्रतिशत तक गिर चुका है। हाल ही में हुंडई इंडिया के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग और विदेशी निवेशकों द्वारा बिकवाली ने भी बाजार की स्थिति को प्रभावित किया है। खुदरा निवेशकों की ओर से ठंडा रिस्पॉन्स मिलने के कारण ह्युंडै इंडिया के शेयर अपने डेब्यू पर 7.2 प्रतिशत गिर गए थे, जिससे बाजार में मूल्यांकन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। स्विगी के इस कदम के बावजूद भारतीय आईपीओ बाजार में उत्साह बना हुआ है। इस साल अब तक लगभग 270 कंपनियों ने 12.57 अरब डॉलर की राशि जुटाई है, जो 2023 में जुटाए गए 7.4 अरब डॉलर की तुलना में अधिक है।

# इस हफ्ते बाजार में किसी नए आईपीओ की नहीं होगी लिस्टिंग

## एक नवंबर को दिवाली के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहेगा




**नई दिल्ली ।**

इस त्योहारी हफ्ते में नए आईपीओ की उम्मीद करने वाले निवेशकों को निराशा हो सकती है, क्योंकि आगामी सप्ताह में कोई नया आईपीओ नहीं आएगा। हालांकि इस हफ्ते आठ आईपीओ की लिस्टिंग होगी, जिनमें प्रमुख नाम वारी एनर्जीज लिमिटेड का है। दिवाली के कारण इस हफ्ते शेयर बाजार में हलचल थोड़ी धीमी रहने की संभावना है। इस हफ्ते बाजार केवल चार दिन खुलेगा, क्योंकि एक नवंबर को दिवाली के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहेगा। हालों` कि इस दिन शाम 6 बजे से 7 बजे तक एक घंटे के लिए विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया जाएगा, जो निवेशकों के लिए एक शुभ अवसर माना जाता है। आठ आईपीओ की लिस्टिंग में तीन आईपीओ मेन बोर्ड पर हैं, जबकि बाकी पांच आईपीओ एसएमई (छोटे और मझोले उद्यम) सेगमेंट में हैं। मेन बोर्ड के तीन प्रमुख आईपीओ में वारी एनर्जीज, दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, और गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड शामिल हैं। एसएमई सेगमेंट के पांच आईपीओ में प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड, दानिश पावर लिमिटेड, यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड, ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड, और उषा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड शामिल हैं। यह आईपीओ लिस्टिंग छोटे निवेशकों के लिए अच्छा अवसर साबित हो सकती है।

इसके अलावा आगामी समय में भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर से आईपीओ की बहार देखने को मिल सकती है। जानकारी के अनुसार, करीब 26 कंपनियाँ 72,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ लाने की योजना बना रही हैं। साथ ही, 55 अन्य कंपनियां भी सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं, जिनके माध्यम से वे 89,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं।

# 1,25,000 रुपए किलो तक पहुंच सकती है चांदी

## - 86,000 रुपए तक पहुंच सकती हैं सोने की कीमत

**मुंबई ।**




इस साल सोने की कीमत में 33 फीसदी की तेजी आई है लेकिन चांदी की कीमत में 46 फीसदी की बढ़त देखी जा चुकी है। हाल में चांदी की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंची थी। सुरे क्षित` निवेश के` लिए निवेशक चांदी का रुख कर रहे हैं। साथ ही इसका इंडस्ट्रियल उपयोग भी बढ़ रहा है। यही वजह है कि इसकी कीमत में तेजी आ रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का कहना है कि मध्यम से लंबी अवधि में चांदी का प्रदर्शन सोने के बराबर या उससे बेहतर हो सकता है। अगले 12 से 15 महीनों में एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 1,25,000 रुपए प्रति किलो और कॉमेक्स पर 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की उम्मीद है। फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म का कहना है कि मध्यम अवधि में सोने की कीमत 81,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और लंबी अवधि में 86,000 रुपए तक पहुंच सकती हैं। कॉमेक्स पर सोने के मध्यम अवधि में 2,830 डॉलर और लंबी अवधि में 3,000 डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सोना हाल के वर्षों में लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट्स में से एक रहा है। इस साल सोने की कीमतें कॉमेक्स और घरेलू बाजारों दोनों पर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। बाजार के एक जानकार ने कहा कि 2024 में बाजार की अनिश्चितताओं, दरों में कटौती की उम्मीदों, बढ़ती मांग और रुपये में गिरावट के कारण कीमतों में उल्लेखनीय तेजी आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद के महीने सोने की निकट अवधि की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होंगे। इस साल कीमती धातुओं में तेजी के दो प्रमुख कारक फेडरल रिजर्व से दरों में कटौती की उम्मीद और मध्य पूर्व में बढ़ रही भू-राजनीतिक हलचल है। दिवाली में सेंटिमेंट पॉजिटिव रहने का अनुमान है।

# सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज दूसरी तिमाही का कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 28 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई ।**


सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 28 प्रतिशत बढ़कर 3,040 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 2,375 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 13,645 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष सामाना तिमाही में यह 12,486 करोड़ रुपये थी। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी ने बताया कि सन ने हाल ही में फिलोजेन के साथ एक समझौते के द्वारा अपनी विशेष 'पाइपलाइन' को मजबूत किया है, ताकि फाइब्रोमुन को मंजूरी मिलने पर उसका व्यावसायीकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि फाइब्रोमुन के साथ त्वचा विशेषज्ञों के लिए कंपनी के उत्पादों की श्रृंखला का और विस्तार हुआ है।




# पंजाब नेशनल बैंक का मुनाफा दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपये रहा

**मुंबई ।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सोमवार को अपने जुलाई-सितंबर अवधि के नतीजों का ऐलान किया। बैंक का मुनाफा 2024-25 की दूसरी तिमाही में दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपये रहा। पब्लिक सेक्टर बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,756 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। पीएनबी ने बताया कि सितंबर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 34,447 करोड़ रुपये हो गई। यह पिछले साल की समान तिमाही में 29,383 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा तिमाही के दौरान बैंक ने ब्याज से 29,875 करोड़ रुपये की आय दर्ज की, जो एक साल पहले की इसी समान अवधि में 26,355 करोड़ रुपये से अधिक है। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक के ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट (एनपीएस) में सुधार दिखाई दिया है। यह एक साल पहले के 6.96 प्रतिशत से घटकर सितंबर तिमाही में ग्रॉस लोन का 4.48 प्रतिशत हो गया। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या फंसा हुआ कर्ज पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 1.47 प्रतिशत से घटकर 0.46 प्रतिशत हो गया। वहीं, पीएनबी बैंक का कंसोलिडेट मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 4,714 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले की इसी अवधि में 1,990 करोड़ रुपये था। बैंक ने बोर्ड की तरफ से मंजूर नीति के अनुरूप 350 करोड़ रुपये का फ्लोटिंग प्रावधान किया है। 30 सितंबर तक बैंक के पास 500 करोड़ रुपये का फ्लोटिंग प्रोविज़न है।

# पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट के साथ रियलमी जीटी7 प्रो का अनावरण




**नई दिल्ली ।** रियलमी ने पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट के साथ रियलमी जीटी7 प्रो लॉन्च किया है। जीटी सीरीज शक्तिशाली प्रदर्शन और प्रीमियम डिजाइन को एक साथ लाने की रियलमी के विजन को मूर्त रूप देती है। इस अनूठे संयोजन ने रियलमी को प्रतिस्पर्धी स्मार्टफोन बाजार में एक मजबूत पहचान स्थापित करने में मदद की है, जो उन उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करता है, जो अपने डिवाइस में स्टाइल और सब्सटेंस दोनों चाहते हैं। रियलमी जीटी7 प्रो में अनोखे रंग विकल्प, बनावट और फ़िनिश शामिल हैं, जो लाल ग्रह की बीहड़ सुंदरता को दर्शाते हैं। डिवाइस के बैक पैनल को मार्स डिजाइन कहा जाता है, जिसमें मंगल ग्रह के इलाके की याद दिलाने वाली एक विशिष्ट बनावट है, जिसे उन्नत मल्टी-लेयर एंटी-ग्लेयर तकनीक के माध्यम से हासिल किया गया है। यह सिर्फ दिखावट के बारे में नहीं है, बनावट वाली सतह एक अनूठा स्पर्श अनुभव प्रदान करती है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण की अवधारणा को जीवंत करती है। ब्रह्मांडीय थीम को जोड़ते हुए, जीटी7 प्रो में अंतरिक्ष यान से प्रेरित सूक्ष्म स्पेस व्यूपोर्ट डेको तत्व और एक प्लैनेटरी रिंग टेक्सचर शामिल है, जिसमें सैकड़ों धातु के तार-ड्राइंग टेक्सचर शामिल हैं, जो आकर्षक तरीकों से प्रकाश को पकड़ते हैं। जीटी7 प्रो में क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले है, जो डिवाइस के समग्र भविष्य के अनुभव को बढ़ाता है। जहां फ्लैगशिप स्मार्टफोन अक्सर भारीपन से जूझते हैं, वहीं रियलमी का डिजाइन विकल्प इसके सावधानीपूर्वक संतुलन को दर्शाता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद , निवेशकों को 4.5 लाख करोड़ का हुआ लाभ

**मुम्मई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। वहीं गत सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव रहा था। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 602.75 अंक करीब 0.76 फीसदी बढ़कर 80,005.04 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 158.35 अंक तकरीबन 0.65 फीसदी की बढ़त के साथ 24,339.15 के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा मिडकैप, स्मॉलकैप इंडेक्स भी बढ़त पर बंद हुए।

अमेरिकी बाजारों में अनिश्चितता के कारण निवेश सतर्कता बरत रहे हैं। वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत हल्की तेजी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 273 अंक करीब 0.34 फीसदी बढ़कर 79,675 और एनएसई का निफ्टी 74.35 अंक तकरीबन 0.31 फीसदी ऊपर आकर 24,255 पर था।

दिवाली से पहले बाजार में आई इस तेजी के कारण निवेशकों को 4.5 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सबसे ज्यादा लगभग 3 फीसदी बढ़ा। । 2024-25 की दूसरी तिमाही में मुनाफा बढ़ने से बैंक के शेयर में आज उछाल देखा गया । बैंक ने शनिवार को दूसरी तिमाही के परिणाम जारी किये थे। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़कर बंद हुए।




वहीं दूसरी ओर दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर आज नीचे आये।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट से भी बाजार को बल मिला है। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में तेजी, वैश्विक बाजारों से मजबूत रुझान और घरेलू निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में उत्साह का माहौल रहा। , विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 3,036.75 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से मिल रहे मिश्रित रुझानों की वजह से भारतीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को ब्रेक लग गया। बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स, बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 सोमवार को बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 410 अंक की बढ़त के साथ 79,812 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 106 अंक की बढ़त के साथ 24,286 पर कारोबार कर रहा था।

# उड़ान ने लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स और अन्य से 300 करोड़ जुटाए




## - देश भर में किराना स्टोर तथा छोटे व्यवसायों के लिए पसंदीदा भागीदार के रुप में अपनी स्थिति मजबूत करेगी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बिजनेस-टू-बिजनेस मंच उड़ान ने लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स, इनोवेन कैपिटल और ट्राइफेक्टा कैपिटल से लगभग 300 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वित्त पोषण समूह ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से उड़ान में करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस धन का उपयोग देश भर में किराना स्टोर तथा छोटे व्यवसायों के लिए पसंदीदा भागीदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए किया जाएगा। बयान में कहा गया कि कंपनी अपनी सूक्ष्म बाजार रणनीति के जरिये अपनी भौगोलिक पहुंच का विस्तार करने, परिचालन को अनुकूलित करने, गो-टू-मार्केट (जीटीएम) क्षमताओं को बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और नए सूक्ष्म-पूर्ति केंद्र खोलने के लिए इस राशि का उपयोग करेगी। उड़ान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऋण वित्तपोषण का नवीनतम दौर पिछली 10 तिमाहियों में कंपनी द्वारा हासिल की गई तिमाही-दर-तिमाही लगातार वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह वित्तपोषण हमारी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करेगा और हमें प्रमुख रणनीतिक पहलों पर दोगुना जोर देने की सुविधा प्रदान करेगा जैसे कि परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए हमारे क्लस्टर' मॉडल का विस्तार करना जिससे हम लाभप्रदता के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपनी बाजार स्थिति को मजबूत कर सकें।

# भारतीय शेयर बाजार को लेकर बुरी खबर..........चिंता में निवेशक

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार इन दिनों अनिश्चितता और उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहा है। दरअसल विदेशी निवेशकों की भारी निकासी के बाद अब निवेशकों के लिए एक और चिंताजनक खबर आई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति निवेशकों के भरोसे में कमी का संकेत दे रही है, और आने वाले समय में बाजार में गिरावट का सिलसिला फिर से शुरू होगा है। अक्टूबर महीने में कैश मार्केट टर्नओवर 7 महीने के निचले स्तर पर है। वर्तमान में रोजाना का कैश टर्नओवर औसतन 1.15 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले महीने की तुलना में 12.5 प्रतिशत कम है। यह गिरावट निवेशकों की सर्तकता को दिखाती है, जो वैश्विक बाजार में उठापटक और युद्ध की तनावपूर्ण स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेशकों में डर है कि बाजार में तेज गिरावट आ सकती है।



शेयर बाजार में कैश मार्केट टर्नओवर का मतलब है कि निवेशकों ने प्रतिदिन औसतन कितनी खरीद-फरोख्त की। अक्टूबर में यह आंकड़ा लगातार चौथे महीने गिर रहा है, जो दिखाता है कि निवेशकों का बाजार पर विश्वास घट रहा है। बाजार जानकारों के अनुसार, निवेशक बाजार के वैल्यूएशन को लेकर चिंतित हैं, और यही कारण है कि कैश मार्केट टर्नओवर में कमी आई है। लंबी अवधि के निवेशकों की हिस्सेदारी केवल 10 प्रतिशत रह गई है, जबकि शॉर्ट टर्म निवेशकों का हिस्सा बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में भारतीय बाजार अपने 52 सप्ताह के शीर्ष स्तर से करीब 8 प्रतिशत नीचे है, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस स्थिति में विदेशी निवेशकों ने लगभग 87,000 करोड़ रुपये का निवेश बाजार से निकाल लिया है, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ा है।



# रुपया 84.08 पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया सपाट रुप से 84.08 पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसे की बढ़त के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.08 पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद एक पैस की बढ़त के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ 104.54 पर रहा।

# गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कोच पद से इस्तीफा दिया

**कराची(एजेंसी)।** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ मतभेद पैदा होने के कारण अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था। पीसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।''

इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी ने पीसीबी से स्पष्ट कर दिया है कि वह चार नवंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर ही सीमित ओवरों की टीम के कोच पद की जिम्मेदारी संभालेंगे तथा उनकी इन प्रारूप में स्थायी कोच बनने में दिलचस्पी नहीं है। सूत्र ने कहा, ''गिलेस्पी ने बोर्ड को सूचित कर दिया है कि जिंबॉब्वे के खिलाफ और उसके बाद होने वाले सीमित ओवरों के मैचों के लिए उन्हें कोई दूसरा कोच नियुक्त करना होगा।''

पीसीबी ने कर्स्टन के अचानक लिए गए इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया लेकिन सूत्रों ने पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलिया और जिंबॉब्वे दौरे के लिए टीम का चयन करने और नया कप्तान नियुक्त करने के लिए उनकी राय नहीं लिए जाने से दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व क्रिकेटर नाखुश था। इससे पहले पीसीबी ने टीम के चयन से जुड़े उनके अधिकार वापस ले लिए थे, जिसे मतभेद का मुख्य कारण माना जा रहा है। टीम का चयन करना अब विशेष रूप से चयन समिति का क्षेत्र है। सूत्र ने कहा, ''बोर्ड ने जिस तरीके से उनके चयन के अधिकार वापस लिए उससे कर्स्टन खुश नहीं थे और उन्होंने इस्तीफा देने से पहले रविवार को पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के सामने भी यह बात स्पष्ट कर दी थी।''

सूत्रों के अनुसार गिलेस्पी भी जल्द इस्तीफा दे सकते हैं क्योंकि वह भी मौजूदा बदलाव से खुश नहीं हैं कि टीमों का चयन अब केवल चयन समिति द्वारा किया जाता है और कोचों की इसमें कोई भूमिका नहीं है। दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व बल्लेबाज पाकिस्तान की टीम से जुड़ने से पहले इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स




का बल्लेबाजी कोच था। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम को तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है। उसकी टेस्ट टीम ने हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

# शमी के नहीं होने के बाद भी भारतीय गेंदबाजी काफी मजबूत, हल्के में नहीं लेगी ऑस्ट्रेलिया : मैकडोनाल्ड

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि अगले माह होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी नहीं खेलेंगे पर इसके बाद भी भारतीय गेंदबाजी आक्रमक को कमजोर नहीं माना जा सकता है। मैकडोनाल्ड के अनुसार भारतीय टीम के पास जो रिजर्व तेज गेंदबाज हैं। वे भी काफी अच्छे हैं। कोच के अनुसार पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की कमी खलेगी पर उनकी जगह लेने वाले कई अच्छे गेंदबाज हैं। गौरतलब है कि शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण गत वर्ष हुए एकदिवसयी विश्व कप फाइनल के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर हैं। उनका सर्जरी भी हुई थी जिसके बाद वह अभी तक फिट नहीं हो पाये हैं। अभी वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।



मैकडोनाल्ड ने कहा, ' शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खेलगी। तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। वहीं तेज गेंदबाजी अक्रमकण की कमान मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।

मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके इन खिलाड़ियों को हम हल्के में बिल्कुल भी नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

# तब हम अंतिम ओवर में हारे थे : मैक्सवेल

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए कई रिकॉर्ड बनाए हैं। मैक्सवेल ने अपनी किताब द शोमैन में अपनी आईपीएल यात्रा के बारे में भी बताया है। मैक्सवेल 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब में शामिल हुए थे। उनकी टीम तब फाइनल में पहुंची थी पर वहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हार गयी गई। मैक्सवेल ने इस आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 552 रन बनाए थे। पंजाब के साथ अपने अपने सफर को याद करते हुए मैक्सवेल ने कहा कि हम उस समय अंतिम ओवर में हार गए थे। इस किकेटर ने कहा कि आपका कितना भी अच्छा क्यों न हो पर ट्रॉफी के बिना सब बेकार है। साल 2014 के बाद पंजाब का प्रदर्शन गिर गया और वह अंक तालिका में आखिरी स्थानों पर रही। मैक्सवेल ने इसको लेकर कहा कि तब टीम के लिए कठिन समय था और एक युवा खिलाड़ी के रूप में उनके लिए इसे स्वीकार करना मुश्किल रहा था।




2017 में मैक्सवेल की एक बार फिर पंजाब टीम में वापसी हुई। तब वीरेनद्र सहवाग टीम मेंटर बन गये थे। वहीं मैक्सवेल को कप्तानी मिली। मैक्सवेल ने कहा कि टीम बनते ही स्पष्ट हो गया था कि इसपर सहवाग का प्रभाव है। उन्होंने कोच जे अरुणकुमार के साथ मिलकर फैसले लेने की जिम्मेदारी ली, जिससे खिलाड़ियों और कोचों के बीच भ्रम पैदा हो गया। जिसका प्रभाव टीम पर पड़ा। मैक्सवेल ने कहा कि एक मुकाबले में इशांत शर्मा को आखिरी समय पर टीम में जगह दे दी गई जोकि निर्णय लेने में अव्यवस्था को दिखाता था। टीम पर सहवाग की पकड़ बढ़ती गई। जिससे उनके बीच मतभेद भी बढ़ने लगे। और निराशाजनक सीज़न के बाद मैक्सवेल और सहवाग के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया।

# करियर के आखिरी कुछ वर्षों में मैं जो भी क्रिकेट खेल रहा हूं, उसका लुत्फ उठाना चाहता हूं: धोनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रविवार की रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, ''मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूँ।''

पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था। धोनी ने कहा, ''मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है।''


उन्होंने कहा, ''अगर आप विशेष रूप से पिछले साल (सत्र) के बारे में बात कर रहे हैं, तो टी20 विश्व कप टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली थी। इसलिए हमें उन लोगों को मौका देना होगा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में थे।'' भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''हमारी टीम (सीएसके) में (रविंद्र) जडेजा और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी थे जिन्हें भारतीय टीम में आने के लिए खुद को साबित करने का मौके चाहिये थे। मेरे लिए इसमें कुछ भी नहीं था, कोई चयन नहीं और अन्य



चीजें। इसलिए मैं (निचले क्रम में खेलते हुए) अच्छा हूं और मैं जो कर रहा था उससे मेरी टीम खुश थी।

# अब टेनिस खेलते हुए नजर आयेंगे फोर्लान

मोंटेवीडियो । उरुग्वे के पूर्व फुटबॉलर डिएगो फोर्लान अब टेनिस खेलते हुए नजर आयेंगे। फोर्लान अगले माह एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के युगल मुकाबले में खेलकर पेशेवर टेनिस में उतरेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा है कि 45 साल के फोर्लान क्ले कोर्ट उरुग्वे ओपन में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया के साथ खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 11 नवंबर से शुरू होगा। फोर्लान ने साल 2019 में ही फुटबॉल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के अलावा फोर्लान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एटलेटिको मैड्रिड, इंटरनेजियोनेल और पेनारोल जैसे क्लबों से खेला है। उन्होंने उरुग्वे को 2010 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचाने और 2011 में कोपा अमेरिका खिताब जीतने में भी सहायता की थी। फोर्लान पिछले साल से ही आईटीएफ मास्टर्स टूर्नामेंट खेल रहे हैं। उनके पिता पाब्लो फोर्लान ने भी फुटबॉल करियर के खत्म होने के बाद टेनिस खेला था। उरुग्वे के इस पूर्व स्ट्राइकर ने कहा, 'मेरे पिता ने 41 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था अब मैं भी वहीं करना चाहता हूं।



# कमाई में युवराज से कहीं आगे हैं धोनी



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और ऑलराउंडर युवराज सिंह अपने दौर के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने जहां साल 2007 और 2011 के विश्वकप जीते। वहीं इसमें धोनी के अलावा युवराज के ऑलराउंड प्रदर्शन की भी अहम भूमिका रही। युवराज अपने आक्रामक खेल के लिए जाने जाते हैं। इन दोनो ने ही खेल से करोड़ों की कमाई की है। संन्यास के बाद भी इनकी लोकप्रियता में कम नहीं आयी है और ये दोनो ही कई कंपनियों के ब्रांड एबेसेडर हैं पर एक रिपोर्ट के अनुसार कमाई के मामले में धोनी, युवराज से काफी आगे हैं। महेन्द्र सिंह धोनी की बात करें तो धोनी की कुल नेट वर्थ 1000 करोड़ से अधिक है। उनकी कमाई का मुख्य जरिया ब्रांड एंडोर्समेंट और क्रिकेट है। धोनी आज भी क्रिकेट खेल रहे हैं. आईपीएल में खेलने के लिए उन्हें 12 करोड़ रुपए मिलते हैं। ब्रांड एंडोर्समेंट करने के लिए वह करोड़ों की राशि लेते हैं। वह ड्रीम 11 समेत कई अन्य कंपनियों जैसी कंपनियों के लिए प्रचार करते हैं. धोनी के पास कार, बाइक्स का भी एक बड़ा कलेक्शन है.

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा, सलीमा टेटे को कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई। नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, 'एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है। हम गत चैम्पियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है।'



उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी ट्रेनिंग की है। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था।' टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी। रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी। मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग टीम की मारक क्षमता को बढ़ाएंगी। सुशीला और ब्यूटी चोट से उबरने के बाद टीम से वापसी कर रही है। भारतीय उपकप्तान नवनीत ने कहा, 'हमें अपनी तैयारी और एक दूसरे के साथ पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उत्साहजनक है और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, ÷सलीमा के साथ खेलने का अनुभव बहुत अच्छा रहा और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर:** सविता, बिचू देवी खारीबाम।

**डिफेंडर:** उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।

**मिडफील्डर :** नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।

**फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

# सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की पोल खोली : साइमन डूल

पुणे । न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने कहा है कि भारतीय टीम की हार के लिए उसके बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन सबसे बड़ा कारण रहा है। डूल के अनुसार भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों को खेलने में असफल रहे। भारतीय बल्लेबाज बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के सामने बेबस दिखे। सेंटनर ने दूसरे टेस्ट में 13 विकेट विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'यह धारणा गलत साबित हुई है कि भारतीय बल्लेबाज स्पिन के बेहतर खिलाड़ी हैं, सेंटनर ने उनकी पोल खोल दी है। मुझे लगता है कि उनके पास बेहतर स्पिनर हैं जिससे वे विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगा देते हैं। डूल ने कहा कि न्यूजीलैंड का स्पिन आक्रमण विश्व स्तरीय नहीं है और उनके सामने भारतीय बल्लेबाजों का कमजोर प्रदर्शन उनके लिए चिंता का कारण बन गया है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आपको इस तरह के अच्छे विकेटों पर खेलने की आदत हो जाएगी। लेकिन जब पिच टर्न लेना शुरू करती है तो आपकी कमजोरी सामने आ जाती है। भारत लंबे समय तक टर्निंग विकेट पर खेलता रहा है। उसके पास अब भी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं। डूल ने कहा, 'उनके गेंदबाज अन्य टीमों को कम स्कोर पर आउट करने में सक्षम हैं पर इस टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया जबकि हमारी टीम के पास विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण नहीं है।

# अब तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम लगाएगी पूरा जोर



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के लिए यहां 1 नवंबर से मेहमान टीम न्यूजीलैंड के साथ होने वाला तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच बेहद अहम होगा। भारतीय टीम का लक्ष्य वानखेड़े स्टेडिमय में होने वाले इस मैच को हर हाल में जीतना रहेगा। पहले दो मैचों में हार से भारतीय टीम के हाथों से सीरीज पहले ही निकल गयी है। इसके अलावा उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ा है। अब देखना है कि इस मैच में भारतीय टीम की क्या रणनीति होती है। अब भारतीय टीम के सामने वानखेड़े में कीवी टीम के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में न सिर्फ प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती होगी, बल्कि डब्ल्यूटीसी को ध्यान में रखकर मुकाबला भी जीतना होगा। घरेलू धरती में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन ने कई सवाल खड़े किए हैं। इससे कोच, कप्तान और अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली भी निशाने पर हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ न तो गंभीर की कोचिंग काम आई और न ही कप्तान रोहित की रणनीति। जबकि, विराट कोहली बल्ले से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी में भी वो पुरानी धार नजर नहीं आई। अब सवाल यह है कि जब खिलाड़ी ही विफल रहेंगे तो अन्य खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जाए। पिछले 12 साल में टीम इंडिया को अपने ही घर में पहली बार किसी टीम से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है और अब उसके सामने एक बड़ा खतरा है क्लीन स्वीप का। न्यूजीलैंड ने तो इतिहास बना दिया लेकिन अब टीम इंडिया क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। अगर, कीवी टीम वानखेड़े टेस्ट भी जीतने में सफल होगी तो यह एक बड़ा रिकॉर्ड होगा क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम का घर पर कभी भी लगातार तीन मैच नहीं हारी है। माना जा रहा है कि तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया मुंबई में 30 और 31 अक्टूबर को अभ्यास करेगी। ये सत्र सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्यहोगा। रोहित, कोहली और बुमराह जैसे सीनियर प्लेयर्स को भी आराम नहीं मिलेगा।

# चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बने, किर्गिस्तान के कराचोव को हराकर जीता गोल्ड

**सिडनी (एजेंसी)।** तिराना (अल्बानिया) ÷चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं जिसकी मदद से भारत ने यहां चल रहे इस आयु वर्ग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और रजत सहित नौ पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे चिक्कारा ने किर्गिस्तान के अब्दिमालिक कराचोव पर अंतिम सेकंड में 4-3 से जीत दर्ज की। वह पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। चिक्कारा ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत के पदकों में दो कांस्य पदक भी शामिल हैं। इससे वह 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में दो और कांस्य पदक जीते, जिससे इस वर्ग में देश के पदकों की संख्या चार हो गई। विक्की ने पुरुषों की 97 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और यूक्रेन के यूरोपीय जूनियर चैंपियन इवान प्राइमाचेंको को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता।

विक्की ने पहले दौर में जॉर्जिया के मेरब सुलेमानिश्विली को और क्वार्टरफाइनल में मोल्दोवा के राडू लेफ्टर को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में वह ईरान के महदी हाजीलोइयन मोराफा से हार गए थे। पुरुषों की 70 किग्रा फ्रीस्टाइल में सुजीत कलकल ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ताजिकिस्तान के मुस्तफो अखमेदोव को 13-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सुजीत ने पहले दौर में जॉर्जी एंटोनोव जिजगोव को 10-0 से, प्री-क्वार्टर में तुग्सजर्गल एर्डेनेबैट को 7-4 से और क्वार्टर फाइनल में नारेक पोहोसियन को 6-1 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में वह मैगोमेद बसिहर खानिएव से 4-8 से हार गए थे।

इससे पहले अभिषेक ढाका ने कांस्य पदक जीता था। इस तरह से भारत ने फ्रीस्टाइल में चार पदक (एक स्वर्ण और तीन कांस्य) जीतकर अपने पिछले साल के प्रदर्शन में सुधार किया। पिछले साल भारत ने फ्रीस्टाइल वर्ग में दो कांस्य पदक जीते थे। भारतीय महिला कुश्ती टीम ने भी एक रजत और तीन कांस्य पदक जीत कर अच्छा



प्रदर्शन किया। अंजलि ने 59 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा शर्मा (57 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और मोनिका (68 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। इसके अलावा विश्वजीत मोरे ने पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता।

# शमी ने प्रशंसकों से माफी मांगी, कहा शीध्र वापसी करुंगा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाने के लिए प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है। शमी को पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया है। साथ ही कहा कि मैं शीघ्र ही वापसी करुंगा। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज खेलनी है। शमी ने सर्जरी के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है पर उनके घुटनों की सूजन अभी तक ठीक नहीं हुई है। इस कारण उनकी वापसी नहीं हो पायी है। शमी ने हालांकि कहा था कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस को ठीक करेन का प्रयास कर रहा हूं। मेरा लक्ष्य भी मैच के लिए तैयार होने के लिए लाल गेंद से घरेलू क्रिकेट खेलना रहेगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं पर बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार रहूंगा। शमी चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद नवंबर के पहले सप्ताह में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी मैच में खेलकर वापसी कर सकते हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया।

## 'डिजिटल अरेस्ट' पर पीएम मोदी ने देश को किया आगाह

# बच के रहना रे बाबा! रुको, समझो और फिर एक्शन लो

*पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 115 वें एपिसोड में बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी कैसे की जा रही?*

नई दिल्ली

पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में विस्तार से बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी कैसे की जाती है? पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी को लेकर देशवासियों को चेताते हुए कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर धमकी देकर पैसे नहीं मांगतीं।

इस तरह की धोखाधड़ी में संलिप्त लोग पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स अधिकारी बनकर लोगों को डराने की कोशिश करते हैं। इसमें पहला कदम आपका निजी जानकारी जुटाना है। दूसरा कदम भय का वातावरण बनाना है और तीसरा है वक्त का दबाव। लोग इतने डर जाते हैं कि सोचने-समझने की शक्ति खो बैठते हैं। इस तरह की धोखाधड़ी के शिकार सभी उम्र और वर्गों से हैं।

### सतर्कता बरतें, फोन कॉल्स रिकॉर्ड करें

आपका पहला कदम होना चाहिए निजी जानकारी को जुटाना




**देशभर में बढ़ रही 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी**
भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पिछले महीने, वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल से साइबर अपराधियों ने 'डिजिटल हिरासत' में लेते हुए 7 करोड़ की ठगी कर ली। अपराधियों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बता2 दिन तक 'डिजिटल सर्विलांस' में रखा।

पीएम मोदी ने नागरिकों से आग्रह किया कि अगर किसी को इस तरह का कॉल आता है तो वे घबराएं नहीं। उन्होंने कह कि ऐसे मामलों में डिजिटल सुरक्षा के तीन कदम होते हैं- रुकें, सोचें और कार्रवाई करें। अगर संभव हो, स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग करें। पीएम ने जनता से ऐसे फ्रॉड को रोकने के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने के लिए कहा है और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले रिकॉर्ड करके पुलिस और साइबर सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया जाना चाहिए।

### अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बन गया

पीएम मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून बन गया है। बहुत साल नहीं हुए, सिर्फ 10 साल पहले की बात है, तब अगर कोई कहता था कि भारत में कोई जटिल तकनीक विकसित की जा रही है तो कई लोगों को विश्वास नहीं होता था, तो कई उपहास उड़ते थे। लेकिन आज वही लोग, देश की सफलता को देखकर अचंभे में रहते हैं। आत्मनिर्भर हो रहा भारत हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। पीएम मोदी ने भारत के एनिमेटेड किरदार की बात की और कहा कि भारत एनिमेशन के क्षेत्र में क्रांति लाने की राह पर है।

#### देश को इनोवेशन का ग्लोबल पावरहाउस बनाएंगे

आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने पीएमने कहा कि त्योहारों के मौसम में हम सब आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को और मजबूत करते हैं। हम वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ अपनी खरीदारी करते हैं। यह नया भारत है जहां मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड बन गया है। हमें न सिर्फ भारत को आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि अपने देश को इनोवेशन के ग्लोबल पावरहाउस के रूप में स्थापित करना है।

#### वैज्ञानिकों का कमाल लद्दाख में एशिया के सबसे बड़े 'इमेजिंग टेलीस्कोप मैस' का किया था उद्घाटन

पीएम ने कहा कि इसी महीने हमने लद्दाख के हान्ले में एशिया के सबसे बड़े 'इमेजिंग टेलीस्कोप एमएसीई' का उद्घाटन किया। यह 4300 मीटर की ऊंचाई पर है। एक ऐसी जगह जहां ठंड -30 डिग्री से भी कम है। हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्रियंका ने चुनावी हलफनामे में छिपाई संपत्ति



**नई दिल्ली।** भाजपा ने यह दावा किया है कि वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने चुनावी हलफनामे में कई जानकारियां छिपाई हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार के सदस्य खुद को कानून से ऊपर समझते हैं और प्रियंका ने चुनावी हलफनामे में अपनी और अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का पूरा खुलासा नहीं किया है।

### क्रिकेटर ईशान के पिता जेडीयू में शामिल



**पटना।** देश के जाने-माने क्रिकेटर ईशान किशन के पिता ई. प्रणव कुमार पांडे उर्फ चुन्नू के जनता दल यूनाइटेड में शामिल होने की खबर है। समर्थकों के साथ पटना के प्रदेश जदयू कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यहां जदयू का मिलन समारोह रखा गया है। प्रणव कुमार पांडे की मां सावित्री शर्मा नवादा की जानी मानी महिला चिकित्सक हैं।

### ठेकेदार से रिश्वत लेते वन अधिकारी धरा गया



**अमरेली।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक बार फिर रिश्वतखोर अफसर को रंगे हाथों पकड़ा है। मामला गुजरात के अमरेली जिले का है। यहां एक रेंज वन अधिकारी और एक अन्य शख्स को एक ठेकेदार से 2 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा है। ठेकेदार ने राजुला में वन विभाग में निर्माण कार्य के वार्षिक अनुबंध के लिए सुरक्षा के रूप में जमा राशि जारी कराने रिश्वत दी थी।

### हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत



**शिमला।** हिमाचल के एक निजी शिक्षण संस्थान के हॉस्टल की तीसरी मंजिल से बुधवार रात को गिरकर घायल हुई प्रशिक्षु छात्रा की शुक्रवार रात को नेरचौक मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। शनिवार को सुंदरनगर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्रा अंजना ठाकुर के परिजनों ने उसे बालकनी से गिराने की आशंका जताई है।

### ठगों ने 8 लाख रुपए करवा लिए ट्रांसफर



**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर-46 निवासी सुरेंद्र पाल वशिष्ठ को पार्सल पकड़े जाने की सूचना देकर जांच के नाम पर डिजिटल अरेस्ट किया। जांच में मानव तस्करी केस में फंसाने का डर दिखाकर 8 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित को करीब 3 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। पुलिस ने सेक्टर-36 साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

# सीमापार 'घुसपैठ' यहां की सबसे बड़ी समस्या और हम इसे रोकेंगे

*पेट्रोपोल भू-पत्तन पर नए यात्री टर्मिनल और मैत्री द्वार का किया उद्घाटन*



*बैठक में भाजपा नेताओं को दी नसीहत*



कोलकाता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित हो सकती है। शाह ने दावा किया कि अगर भाजपा 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आई तो पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोका जाएगा। शाह ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रोपोल भू-पत्तन पर नए यात्री टर्मिनल और एक मैत्री द्वार का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में ये बात कही।

अमित शाह ने कहा कि 'क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन अहम भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है। मैं बंगाल के लोगों से आग्रह करता हूं कि 2026 में परिवर्तन लाएं और हम घुसपैठ रोकेंगे तथा शांति स्थापित करेंगे। दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह अहम भूमिका निभाते हैं, व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं।

### बेनापोल क्रॉसिंग 70% कारोबार का जरिया

भारत की पेट्रापोल और बांग्लादेश की बेनापोल क्रॉसिंग व्यापार और यात्री आवागमन दोनों ही नजरिए से दोनों देशों के लिए सबसे अहम जमीनी सीमा चौकियों में से एक है। दोनों देशों के बीच लगभग जमीन के जरिए होने वाला 70 फीसदी कारोबार इसी से होता है। यह गृह मंत्रालय की एक शाखा भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के तहत काम करता है। यह भारत का 8वां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आव्रजन बंदरगाह भी है। यह भारत और बांग्लादेश के बीच सालाना 23.5 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही की सुविधा देता है।

#### शनिवार देर रात पहुंचे

केंद्रीय गृह मंत्री शाह शनिवार देर रात कोलकाता पहुंचे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। शाह ने कोलकाता में एक संगठनात्मक बैठक भी की। शाह की कोलकाता यात्रा के बारे में भाजपा नेताओं ने बताया कि शाह यहां भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी करेंगे।

### शाह ने भरी हुंकार

### महाराष्ट्र-झारखंड में बनेगी भाजपा सरकार अब 'दीदी' भी मुगालते में न रहें

शाह ने कहा कि 2026 में बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और बंगाल में भारी बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी और बंगाल को सोनार बांग्ला बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल को कम्युनिस्ट और ममता के आतंक से मुक्त करना होगा। इसके लिए भाजपा सरकार को बनाना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरी बार मोदी जी सरकार बनी है और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। बंगाल में भाजपा की कुछ सीटें कम आईं। ममता दीदी की मुगालते में नहीं रहें। 2 सीट लाने के बाद 370 लाने और हटाने का काम भाजपा ने किया है। हम वह पार्टी हैं, जो देश के लिए काम करती है, भतीजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है। बंगाल को भाजपा का गढ़ बनाना हमारा उद्देश्य है।

#### एक करोड़ भाजपा का सदस्य बनाने का किया आह्वान

*शाह कहा कि सभी राजनीतिक दल जाति के आधार पर चलती है, लेकिन भाजपा एकमात्र पार्टी हैं, जिसका एक आम कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्य बनते हैं तो इस देश को महान बनाने और देश की सुरक्षा के संकल्प के साथ अपने-आप को झोंक देते हैं। करोड़ लोगों के कल्याण के साथ अपने को जोड़ देते हैं। भारत माता को विश्वगुरु बनाने का संकल्प लेते हैं। बंगाल की जनता और युवाओं को कहने आया हूं कि भाजपा का सदस्य बनें और सोनार बांग्ला बनाने की प्रक्रिया बनाने में जुटें। हम बंगाल को कम्युनिस्ट और ममता दीदी के आतंक से मुक्त दिलाएंगे।*

#### बंगाल में कोई सुरक्षित नहीं, रवींद्र संगीत की जगह बम धमाके गूंज रहे

*उन्होंने कहा कि संदेशखाली, आरजी कार की घटनाएं साबित करती हैं कि बंगाल में हमारी माताएं, बहनें सुरक्षित नहीं हैं। बंगाल में राज्य प्रायोजित घुसपैठ, भ्रष्टाचार को रोकने का एकमात्र तरीका भाजपा को सरकार बनाने के लिए चुनना है। उन्होंने कहा कि राज्य समर्थित घुसपैठ को रोकना है। बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह बम धमाके सुनाई देते हैं, तो इसके रोकने का एक मात्र रास्ता बंगाल में भाजपा की सरकार बनाना है।*

## लखनऊ के होटलों को उड़ाने की धमकी

# मुझे 55,000 डॉलर दो नहीं तो हम उन्हें बम से उड़ा देंगे

होटल के परिसर में काले रंग के बैग में बम रखे गए हैं



लखनऊ

विमान और स्कूलों के बाद अब लखनऊ के कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जिन होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली हैं, उनमें मैरियट, सरका, पिकाडिली, कम्फर्ट विस्टा, फॉर्च्यून, लेमन ट्री, क्लार्क अवध, कासा, दयाल गेटवे और सिल्वेट का नाम शामिल है।

ईमेल में धमकी दी गई थी कि अगर 55,000 डॉलर (4,624,288 रुपए) की फिरौती की मांग पूरी नहीं की गई तो धमाका कर दिया जाएगा। बम की धमकी भरे इस ईमेल में लिखा है कि आपके होटल के परिसर में काले बैग में बम छिपाए गए हैं। मुझे 55,000 डॉलर चाहिए, नहीं तो मैं विस्फोटकों को विस्फोट कर दूंगा और खून चारों ओर फैल जाएगा। बमों को डिफ्यूज करने की कोई भी कोशिश उनमें विस्फोट कर देगा।

#### पुलिस मामले की जांच में जुटी

*होटलों को मेल मिलने के बाद संचालकों ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते की टीम होटलों में पहुंचकर जांच कर रही है। अब तक की गई जांच में कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।*

#### गुजरात में भी मिली थी धमकी

इससे एक दिन पहले गुजरात के राजकोट शहर में कम से कम दस होटलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले थे, जो बाद में फर्जी निकले। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के पुलिस इंस्पेक्टर एसएम जडेजा ने बताया कि होटलों को शनिवार दोपहर करीब 12.45 बजे ईमेल मिले, जिसके बाद पुलिस ने बम निरोधक दस्ते के साथ इन परिसरों की गहन तलाशी ली। उन्होंने बताया कि धमकी भरा ईमेल भेजने वाले ने खुद को कान डेन बताते हुए दावा किया कि उसने 10 होटलों में बम लगा रखे हैं और कुछ ही घंटों में ये बम फट जाएंगे।

## गुजरात टूरिज्म को बढ़ावा

# एशियाई शेरों के 'दूसरे घर' बरडा अभयारण्य का शुभारंभ कल होगा

अहमदाबाद



गुजरात में पर्यटकों के लिए नया स्थल जुड़ने जा रहा है। 29 अक्टूबर को देवभूमि द्वारका का कपुरडी चेकपोस्ट पर एशियाई शेरों का दूसरा नया अभयारण यानी बरडा वन्यजीव अभयारण्य तथा बरडा जंगल सफारी फेज-1 का शुरू होगा।

राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलुभाई बेरा मंगलवार को इसका शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर सांसद पूनमबेन माडम, देवभूमिक द्वारका एवं विधायक उपस्थित रहेंगे। प्रधान मुख्य वन्यजीव संरक्षक एन. श्रीवास्तव ने बताया कि एशियाई शेर विश्व में बहुत विख्यात तथा केवल गुजरात के जूनागढ फॉरेस्ट रेंज में देखने को मिलते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा सीएमभूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में वन्यजीवों का संरक्षण व संवर्धन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अब बरडा की टेकरियों में भी नागरिकों-पर्यटकों को एशियाई शेर दिखाई देंगे।

## मंडी जिले की चौहारघाटी के वरधाण में हादसा

*हिमाचल में भीषण सड़क हादसा*

# कार खाई में गिरी, शादी समारोह के बाद लौट रहे 5 युवकों की मौत

मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला की चौहारघाटी के वरधाण में एक मारुति कार गहरी ढांक में लुढ़क गई जिससे कार में सवार 5 युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह भयानक हादसा शनिवार देर रात का है।

सभी युवक धम च्याण गांव के रहने वाले थे। वे बरोट में शादी समारोह में गए थे। देर रात को घर लौटते समय यह हादसा हो गया। भेड़पालक ने सड़क से करीब 700 मीटर नीचे खेतों में लुढ़की कार देखी। पंचायत प्रतिनिधियों ने इसकी जानकारी टिक्कन पुलिस चौकी को दी।



#### सुक्खू ने दिया मदद का भरोसा

*मृतकों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के रूप में हुई है। मृतकों की उम्र 16से 30 वर्ष के बीच है। शवों को निकालने के लिए ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया है।सीएम ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शोक व्यक्त किया। प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।*

## डल झील में महिलाओं का नौकायन



श्रीनगर। रविवार को श्रीनगर की डल झील में महिलाओं ने नौका दौड़ में भाग लिया।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# विकसित भारत के लिए विकसित महाराष्ट्र जरूरी

मुंबई

मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कहा कि राज्य में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। महाराष्ट्र उद्योग प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में एक अग्रणी राज्य है।

विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विकसित महाराष्ट्र अहम है।महाराष्ट्र में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में अर्थव्यवस्था और रोजगार पर ध्यान केंद्रित है।

महाराष्ट्र उद्योग प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में अग्रणी राज्य



#### केंद्र सरकार के समान विचारधारा वाली सरकार बनाएं

*महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जयशंकर ने कहा कि राज्य में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में केंद्र सरकार के समान राजग और भाजपा की सरकार की महती आवश्यकता है।*

### विपक्ष को लगाई फटकार, आरोपों को नकारा

#### सभी प्रोजेक्ट्स सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में नहीं आए

विदेश मंत्री जयशंकर ने रविवार को कहा कि पिछले 10 सालों में सभी परियोजनाएं भाजपा शासित राज्यों में नहीं आई हैं। विदेश मंत्री ने निवेश को महाराष्ट्र से गुजरात ले जाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि निवेशकों का अपना हिसाब-किताब होता है और वे ऐसी राज्य सरकार का चुनाव करेंगे जो सक्षम और कुशल हो। जयशंकर ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष को खरी-खरी सुनाई। जयसंकर ने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारा दुनिया में सबसे चर्चित कनेक्टिविटी गलियारा है और इसका मुख्य 'इंटरफेस' महाराष्ट्र में होगा।

#### आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

उन्होंने कहा कि जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। हमें कार्रवाई करनी होगी तो हम करेंगे। इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## चक्रवात दाना से मची तबाही

# ओडिशा में 35.95 लाख लोग प्रभावित, 5,840 घर हुए बर्बाद

भुवनेश्वर

चक्रवात 'दाना' और उसके बाद 14 जिलों में आई बाढ़ ने ओडिशा में खूब तबाही मचाई है। राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने रविवार को कहा कि दाना और बाढ़ के कारण 35.95 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

राहत वाली बात है कि चक्रवात से राज्य में कोई जनहानि नहीं हुई। पुजारी ने बताया कि चक्रवात और उसके बाद आई बाढ़ के कारण करीब 5,840 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आपदा में अपने घर खो चुके लोगों को पॉलीथिन शीटें दी जा रही हैं।



उन्होंने कहा कि जब भी कोई आपदा आती है, लोग अपना घर खो देते हैं और उन्हें मुआवजा दिया जाता है। इस बार हम समस्या का स्थायी समाधान करते हुए चरणबद्ध तरीके से लोगों को पक्के घर मुहैया कराना चाहते हैं। सरकार चक्रवात और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कच्चे मकानों का सर्वेक्षण कराने की भी योजना बना रही है।




# प्रतीक की 'ख्वाबों का झमेला' अब ओटीटी पर

**मुंबई।** प्रतीक बब्बर को आखिरी बार फिल्म 'इंडिया लॉकडाउन' में देखा गया था, जो 2 दिसंबर, 2022 को जी5 पर रिलीज हुई थी। अब प्रतीक की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'ख्वाबों का झमेला' है। इस फिल्म में प्रतीक की जोड़ी अभिनेत्री सयानी गुप्ता के साथ बनी है। इस फिल्म का पहला पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें दोनों सितारों की झलक दिख रही है। 'ख्वाबों का झमेला' की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। प्रतीक की फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म का प्रीमियर 8 नवंबर से होगा।

लाइफ Style

# रवीना

## सिंघम के प्यार में करने वाली थीं आत्महत्या

अभिनेत्री रवीना टंडन 90 के दशक में बड़े पर्दे पर राज करती थीं और अपने करियर की दूसरी पारी में ओटीटी पर अपना दमखम दिखा रही हैं। 26 अक्टूबर को रवीना ने अपना 52वां जन्मदिन मनाया। अपनी पेशेवर जिंदगी के अलावा रवीना अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने 22 फरवरी, 2004 को अनिल थडानी के साथ शादी की थी।

क्या आप जानते हैं रवीना अभिनेता अजय देवगन के प्यार में आत्यहत्या करने वाली थीं। एक समय ऐसा था, जब रवीना का नाम अजय के साथ जुड़ा। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में काम भी किया है, जिनमें एक नाम 'दिलवाले' का है। कहा जाता है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के नजदीकियां बढ़ीं और दोनों एक-दूजे से प्यार करने लगे। हालांकि, यह रिश्ता चला नहीं। जब दोनों अलग हुए तो रवीना ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

जब ये खबरें आने लगीं थी तो अजय ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया। अजय के अलावा रवीना का नाम अक्षय कुमार के साथ भी जुड़ा है। एक वक्त ऐसा था, जब दोनों के प्यार के किस्से बॉलीवुड गलियारों में छाए रहते थे। अक्षय-रवीना एक-दूसरे से बहुत प्यार करते थे और फिर इन्होंने शादी का फैसला लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, अक्षय रवीना की सगाई तक हो गई थी, लेकिन अचानक किसी कारण दोनों की राहें जुदा हो गईं। इसके बाद अक्षय ने ट्विंकल खन्ना और रवीना ने अनिल से शादी कर ली।



हॉलीवुड मसाला




# टाइटैनिक को लेकर किए खुलासे

लॉस एंजिल्स। ऑस्कर विजेता हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट ने 'टाइटैनिक' को लेकर खुलकर बात की है। इस दौरान उन्होंने 'टाइटैनिक' के मशहूर दरवाजे के दृश्य की भी चर्चा की। ऑस्ट्रेलियाई टॉक शो द प्रोजेक्ट पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि 'टाइटैनिक' के मशहूर दृश्य में दिखाया गया 'दरवाजा' वास्तव में दरवाजा नहीं था, बल्कि सेट का एक और हिस्सा था। पीपल डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार जब उनसे पूछा गया कि क्या सह-कलाकार लियोनार्डो डिकैप्रियो के लिए 'दरवाजे पर जगह' थी, तो विंसलेट ने कहा कि उन्हें पता था कि इंटरव्यू में मुझसे 'यह सवाल पूछा जाएगा।




# मसल्स बनाने के 'मजेदार' अनुभव का खुलासा...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड स्टार पॉल मेस्कल ने बताया कि ग्लेडिएटर 2 में लूसियस की भूमिका के लिए मांसपेशियां बनाना उनके लिए मजेदार अनुभव था। इसके लिए उन्हें शराब और सिगरेट पर भी नियंत्रण करना पड़ा। उन्होंने द ग्राहम नॉर्टन शो पर कहा, मैंने बहुत सारा चिकन खाया और भारी चीजें उठाईं। पॉल के ट्रेनर ने भी उनके साथ कड़ी मेहनत की। जिसका परिणाम यह है कि मेस्कल की मसल्स इतनी बन चुकी है कि उनके सह-कलाकार पेड्रो पास्कल ने उन्हें "ब्रिक वॉल पॉल" का नाम दे दिया। पास्कल ने मजाक में कहा, पॉल इतने मजबूत हो गए कि अब मैं उनसे लड़ाई करने की बजाय इमारत से कूदना पसंद करूंगा। हालांकि, मेस्कल ने बताया कि उन्होंने अपनी फिटनेस में संतुलन भी बनाए रखा। उन्होंने कहा, मैंने ट्रेनर की बात मानी।



# 'बिग बॉस 18' से हुईं घर से बेघर...

**मुंबई।** अभिनेत्री मुस्कान बामने ने लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में दमदार एंट्री ली। हालांकि, शो में वो कहीं गुम हो गईं। मुस्कान इस शो में ज्यादा योगदान नहीं दे सकीं और खेलों में भी सक्रिय रूप से शामिल नहीं हुईं। वह अन्य प्रतियोगियों के साथ जुड़ नहीं पाईं। अब मुस्कान को बिग बॉस ने घर से बाहर का रास्ता दिखाया है। हेमा शर्मा के साथ मुस्कान इस सीजन की दूसरी प्रतियोगी हैं, जिन्हें घर से बेघर किया गया है। मीडिया ने इस खबर की जानकारी देते हुए लिखा, 'घरवालों के लिए ये हमेशा रही प्यार और क्यूट, लेकिन अब मुस्कान को लेना होगा घर से बाहर निकलने का रूट।' बता दें मुस्कान टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2017 में प्रसारित हुआ टीवी शो 'बकुला बुआ का भूत' के जरिए की थी।



# करोड़ों के विज्ञापन से इंकार की कर रहे तारीफ

**मुंबई।** अनिल कपूर से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है कि अभिनेता के प्रशंसक उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। दरअसल, अनिल ने पान मसाला का विज्ञापन करने से साफ इनकार कर दिया है। अनिल को पान मसाला का विज्ञापन करने का प्रस्ताव दिया गया और उन्हें इसके लिए करीब 10 करोड़ रुपये ऑफर किए गए थे, लेकिन नैतिक मूल्यों के चलते अनिल ने इस प्रस्ताव को तुरंत ठुकरा दिया। अनिल का मानना है कि पान मसाला का विज्ञापन करना एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में उनके नैतिक मूल्यों के विपरीत है। अनिल के इस फैसले पर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इंसान की पहचान उसके कर्मों से होती है।' एक अन्य ने लिखा, 'कुछ कलाकारों को इस मामले में अनिल से सीखना चाहिए।'

टीवी मसाला



# टीवी पर लौट रहा सीआईडी, एसीपी प्रद्युमन की सामने आई पहली झलक

**नई दिल्ली।** सीआईडी एक आइकॉनिक क्राइम थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें दर्शकों ने एसीपी प्रद्युमन और दया के रोल को खूब पसंद किया था। 90 के दशक के फैंस के लिए ये एक डेली टीवी शो था, जिसे देखने के लिए वो इंतजार करते थे, लेकिन 6 साल पहले ये शो अचानक खत्म हो गया था, जिससे फैंस काफी दुखी थे। हालांकि, मेकर्स ने 20 सालों तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले इस शो को वापस लाने का फैसला किया है,

# नवाजुद्दीन अब आयुष्मान से लेंगे पंगा सनकी खलनायक बन मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की गिनती बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेताओं में होती है। वह अपनी उम्दा अदाकारी के चलते हर किरदार को जीवंत बना देते हैं। नवाजुद्दीन अपने लंबे फिल्मी करियर में अब तक कई अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभा चुके हैं और उन्हें खलनायक के रूप में भी खूब पसंद किया गया है। अब खबर है कि फिल्म 'थम्बा' में भी वह खलनायकी दिखाने वाले हैं। इस फिल्म में नवाजुद्दीन अभिनेता आयुष्मान खुराना से भिड़ते दिखेंगे।

***अपनी खलनायकी से दर्शकों के होश उड़ाएंगे नवाज :*** पीपिंगमून की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से नवाजुद्दीन जुड़ गए हैं। वह एक सनकी और हिंसक विलेन का किरदार निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं। यह 'स्त्री 2' के निर्देशक अमर कौशिक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है, जिसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले 'मुंज्या' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी। फिल्म में नवाजुद्दीन अपने खौफनाक और अनदेखे अवतार से दर्शकों का होश उड़ाने वाले हैं।



***पर्दे पर आमने-सामने होंगे आयुष्मान और नवाजुद्दीन :*** इस फिल्म के हीरो आयुष्मान खुराना हैं। नवाजुद्दीन और आयुष्मान पर्दे पर एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। आयुष्मान इससे पहले भी दिनेश विजान के मैडॉक्स फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'बाला' में काम कर चुके हैं, जिसका निर्देशन अमर कौशिक ने ही किया था।

फिल्म में आयुष्मान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। फिल्म में दोनों कलाकारों का अनोखा अंदाज देखने को मिलेगा। पहले आयुष्मान और रश्मिका अभिनीत इस फिल्म का नाम 'वैम्पायर्स ऑफ विजयनगर' रखा गया था।

# माधुरी और विद्या ने 5 दिन में पूरी की 'आमी जय तोमर' की शूटिंग, 5 दिन में हुई थी 'आमी जय तोमर' की शूटिंग

*मुंबई। कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन जैसे सितारों से सजी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते दिन 'भूल भुलैया 3' का नया गाना 'आमी जय तोमर 3.0' रिलीज किया गया, जिसमें विद्या और माधुरी जबरदस्त डांस करती दिखीं। क्या आप जानते हैं इस गाने को शूट करने में कितने दिन लगे थे।*




## *'भूल भुलैया' की तीसरी कड़ी है 'भूल भुलैया 3'*

*'भूल भुलैया 3' साल 2007 में आई हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया' की तीसरी कड़ी है। कार्तिक अभिनीत इसकी दूसरी किस्त 'भूल भुलैया 2' सुपरहिट थी। कार्तिक 'भूल भुलैया 3' में रूह बाबा बनकर वापसी कर रहे हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अजय देवगन और रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' से होगा। यह फिल्म भी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।*

## निर्देशक ने कही ये बात

'भूल भुलैया 3' के निर्देशक अनीस बज्मी ने खुलासा किया कि 'आमी जय तोमर 3.0' गाने को 5 दिनों में शूट किया गया था। अनीस ने कहा, "हमने 5 दिनों में 'आमी जय तोमर 3.0' गाने की शूटिंग की थी। हम लोगों ने एक बड़ा सेट बनाया था, क्योंकि यह बहुत ही खास गाना है। हर कोई इस गाने को लेकर बहुत उत्साहित है। सेट पर हर कोई विद्या और माधुरी का प्रशंसक था।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.